वार्षिक रिपोर्ट

2015-16

तउविबो
OIDB

तेल उद्योग विकास बोर्ड

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

विषय सूची

(i) बोर्ड के सदस्य 2
(ii) बोर्ड के अधिकारी / बैंकर्स / लेखा–परीक्षक 4
(iii) लक्ष्य एवं उद्देश्य 5

अध्याय–1
संगठनात्मक की स्थापना और कार्य 6

अध्याय–2
वित्तीय सहायता : तेल कंपनियों को ऋण 11

अध्याय–3
वित्तीय सहायता : नियमित अनुदानग्राही संगठन को अनुदान 18

अध्याय–4
वित्तीय सहायता : अनुसंधान और विकास तथा अन्य अनुदान 34

अध्याय–5
तेउविबो का ऊर्जा सुरक्षा में योगदान 41

अध्याय–6
अन्य पहलें / गतिविधियां 45

अध्याय–7
तेउविबो वार्षिक लेखे 2015–16 51

अध्याय–8
भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की लेखा परीक्षा रिपोर्ट 78

अध्याय–9
आईएसपीआरएल की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखे 89

अध्याय–10
परिशिष्ट 147

बोर्ड के सदस्य
(रिपोर्ट की अवधि के दौरान)

अध्यक्ष

Jh lkjHk pUnk
सचिव
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(30.4.2015 तक)

Jh dfiy nso f=ikBh
सचिव
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(01.05.2015 से आगे)

सदस्य

Jh lqjthr pk/kjh
सचिव
रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग

Jh ,-,u- >k
विशेष सचिव (व्यय)
वित्त मंत्रालय

Mk- ,l-lh- [kfV;k
विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(31.08.2015 तक)

Jh vur dekj flag
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(01.09.2015 से आगे)

Jh ;-ih- flag
अपर सचिव (अंवेषण)
पेट्रोलियम और प्राकृतिक
गैस मंत्रालय

Jh Mh-d- ljkQ
अध्यक्ष,
तेल एवं प्राकृतिक गैस
कार्पोरेशन लिमिटेड

Jh ch-lh- f=ikBh
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
गेल (इंडिया) लिमिटेड

Jh ,l- o/kkjktu
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड

Jh ch- v'kkd
अध्यक्ष
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन
लिमिटेड

Jherh fuf'k okl|nok
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड
(29.02.2016 तक)

Jh ch-,u- rkYy|dnkj
महानिदेशक,
हाईड्रोकार्बन महानिदेशालय
(30.06.2015 तक)

Jh i|oUn dekj
महा सचिव,
श्रमिक विकास परिषद,
आईओसीएल बरौनी रिफाईनरी

सदस्य सचिव

Jh ,y-,u- xIrk
सचिव,
तेल उद्योग विकास बोर्ड
(05.06.2015 तक)

Jh ;-ih- flag
सचिव,
तेल उद्योग विकास बोर्ड
(18.06.2015 से 06.03.2016 तक)

Jh litho feRry
सचिव,
तेल उद्योग विकास बोर्ड
(8.03.2016 से आगे)

बोर्ड के अधिकारी/बैंकर्स/लेखा-परीक्षक
(रिपोर्ट की अवधि के दौरान)

सचिव	:	श्री एल एन गुप्ता श्री यू.पी. सिंह श्री संजीव मित्तल
वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी	:	श्री अजय श्रीवास्तव
बैंकर्स		i) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ii) कार्पोरेशन बैंक iii) इंडियन ओवरसीज बैंक iv) ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
लेखा–परीक्षक		प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा एवं पदेन सदस्य, लेखा–परीक्षा बोर्ड–II, मुम्बई
बोर्ड का पंजीकृत कार्यालय		तेल उद्योग विकास बोर्ड, 301, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड़, नई दिल्ली– 110 001
सचिवालय		तेल उद्योग विकास बोर्ड, ओआईडीबी भवन, प्लॉट नं0–2, तीसरा तल, सैक्टर–73, नोएडा–201 301, उत्तर प्रदेश
दूरभाष सं0		+91–0120–2594602 +91–0120–2594627
फैक्स		+91–0120–2594630
ई–मेल		facao.oidb@nic.in
वेब साइट		www.oidb.gov.in

तेल उद्योग विकास बोर्ड के लक्ष्य एवं उद्देश्य

- तेल उद्योग विकास निधि का प्रबन्धन ।
- तेल उद्योग के विकास के लिए वित्तीय तथा अन्य सहायता देना ।
- निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए अनुदान एवं ऋण और इक्विटी निवेश में सहायता देना :-
  - भारत के भीतर अथवा बाहर खनिज तेल की संभावनाओं की खोज एवं अन्वेषण करने;
  - कच्चे तेल के उत्पादन, संचालन, भंडारण और परिवहन की सुविधाओं की स्थापना;
  - पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिशोधन एवं विपणन;
  - पेट्रोरसायन और उर्वरकों के निर्माण और विपणन;
  - वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय तथा आर्थिक अनुसंधानों, जो तेल उद्योग के लिए प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उपयोगी हों;
  - तेल उद्योग के किसी भी क्षेत्र में प्रयोगात्मक या प्रायोगिक अध्ययन;
  - तेल उद्योग में लगे या तेल उद्योग में लगने वाले किसी भी क्षेत्र के अन्य कामों में लगे कर्मियों को भारत में या विदेशों में प्रशिक्षण तथा अन्य विहित उपायों के लिए ।

अध्याय-1

संगठनात्मक की स्थापना और कार्य

1. i:Lrkouk

1.1 कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वर्ष 1973 की शुरूआत से हो रही निरंतर और तीव्र वृद्धि के पश्चात, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम आधारित औद्योगिक कच्चे माल की आवश्यकता से संबंधित प्रगामी आत्मनिर्भरता की आवश्यकता के बढ़ते महत्व को अनुभव करते हुए तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 को अधिनियमित किया गया था। तेल उद्योग (विकास) विधेयक, 1974 के उद्देश्यों और कारणों के विवरण में निम्नलिखित उद्देश्य शामिल किए गए थे :

(क) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम आधारित कच्चे माल से संबंधित आत्मनिर्भरता को प्राप्त करने के कार्यक्रमों में तीव्रता लाई जाए ।

(ख) इस प्रकार के कार्यक्रमों के निष्पादन के लिए आवश्यक संसाधनों को सुनिश्चित किया जाना चाहिए ।

(ग) इन उद्देश्यों के प्रयोजनार्थ तेल उद्योग (विकास) निधि के सृजन हेतु कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर उपकर वसूल किया जाना चाहिए ।

(घ) इस निधि का उपयोग विशिष्ट रूप से तेल उद्योग के विकास संबंधी कार्यक्रमों में संलग्न संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया जाएगा ।

1.2 इस अधिनियम का उद्देश्य तेल उद्योग के विकास के लिए एक बोर्ड की स्थापना करना और कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर उत्पाद शुल्क लगाने और उनसे संबंधित मामलों से है ।

2. LkaxBukRed 0;kLFkk v©j c¨MZ d¢ dk;Z

2.1 तेल उद्योग विकास बोर्ड की स्थापना दिनांक 13 जनवरी 1975 को की गई और यह पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहा है। बोर्ड का अध्यक्ष, केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जायेगा और इसमें निम्नलिखित सदस्य हैं :–

(i) अधिकतम तीन सदस्य, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, केन्द्रीय सरकार के पेट्रोलियम एवं रसायन से संबंधित मंत्रालय या मंत्रालयों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किए जायेंगे:

(ii) दो सदस्य, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, केन्द्रीय सरकार के वित्त से संबंधित मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किए जायेंगे:

(iii) अधिकतम पांच सदस्य, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा, उन निगमों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किए जायेंगे जो केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के अधीन ऐसे निगम है जो तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 में निर्दिष्ट क्रियाकलापों में लगे हुए हैं:

(iv) दो सदस्य, जिनमें से एक केन्द्रीय सरकार द्वारा उन व्यक्तियों में से नियुक्त किया जायेगा जिन्हें, सरकार की राय में, तेल उद्योगों की विशेष जानकारी का अनुभव है और दूसरा सरकार द्वारा, तेल उद्योग में नियोजित श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त किया जाएगा :

(v) बोर्ड का सचिव, पदेन सदस्य होगा।

2.2 तेल उद्योग विकास बोर्ड की स्थापना, ऐसे सभी अध्युपायों के संप्रवर्तन के लिए, जो उसकी राय में तेल उद्योग के विकास में साधक हो, वित्तीय तथा अन्य सहायता प्रदान करने के लिए की गई। तेल उद्योग (विकास) अधिनियम के अनुसार, बोर्ड निम्न उद्देश्यों के प्रयोजनार्थ सहायता प्रदान कर सकता है :

क) भारत के भीतर अथवा बाहर खनिज तेल की संभावनाओं की खोज एवं अन्वेषण करने;

ख) कच्चे तेल के उत्पादन, संचालन, भंडारण और परिवहन की सुविधाओं की स्थापना;

ग) पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के परिशोधन एवं विपणन;

घ) पेट्रोरसायन और उर्वरकों के निर्माण और विपणन;

ड.) वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय तथा आर्थिक अनुसंधान, जो तेल उद्योग के लिए प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उपयोगी हों;

च) तेल उद्योग के किसी भी क्षेत्र में प्रयोगात्मक या प्रायोगिक अध्ययन;

छ) भारत में या विदेश में तेल उद्योग कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए ।

2.3 कोई भी तेल संबंधी औद्योगिक प्रतिष्ठान अथवा अन्य व्यक्ति, जो प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से देश के तेल उद्योग से संबद्ध किसी भी प्रकार की गतिविधि में संलग्न है, वह बोर्ड से वित्तीय अथवा अन्य प्रकार की सहायता प्राप्त करने का पात्र है ।

2.4 अधिनियम के कुशल प्रशासन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों का पालन करने के लिए भी बोर्ड कर्तव्यबद्ध है ।

3.2 rsy m|¨x ¼fodkLk½ vf/kfu;e] 1975 ds vrxZr foÙkh; O;oLFkk

3.1 तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 की धारा 15 में स्वदेशी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर उत्पाद शुल्क के रूप में उपकर की वसूली का प्रावधान किया गया हैं (परिशिष्ट – ।।) । सरकार द्वारा 'भारत में उत्पादित स्वदेशी कच्चे तेल' (तत्संबंधी महाद्वीपीय सीमा सहित) पर उत्पाद शुल्क के रूप में समय–समय पर लागू की गई / संशोधित की गई। एनईएलपी ब्लॉकों से उत्पादित कच्चे तेल पर किसी प्रकार का उपकर प्रयोज्य नहीं है। उपकर की दरें निम्नानुसार हैं : –

frfFk Lks ÁÒkoh	nj] Áfr Vu
23 जुलाई, 1974	60 रुपए
13 जुलाई, 1981	100 रुपए
15 फ़रवरी, 1983	300 रुपए
1 मार्च, 1987	600 रुपए
1 फ़रवरी, 1989	900 रुपए
1 मार्च, 2002	1800 रुपए
1 मार्च, 2006	2500 रुपए
17 मार्च, 2012	4500 रुपए
1 मार्च 2016	20 प्रतिशत यथा मूल्य

स्रोतः वित्त मंत्रालय

3.2 केन्द्रीय सरकार द्वारा जनहित में अप्रैल 2012 में उत्पादन हिस्सेदारी संविदा के तहत अभिज्ञात 26 क्षेत्रों पर लागू 1800 रुपए प्रति टन उत्पाद शुल्क दर पर कच्चे तेल की उत्पाद शुल्क दर में 900रुपए प्रति टन की छूट प्रदान की गई है ।

3.3 तेल उद्योग (विकास) अधिनियम की धारा 16 के अनुसार, उत्पाद–शुल्क की एकत्रित की गई आय को प्रथमतः भारत की संचित निधि में जमा किया जाता है। संसद द्वारा इस संदर्भ में किए गए समायोजनों के अनुसार यदि प्रावधान किए जाते हैं, तो केन्द्र सरकार इन प्राप्तियों में से संग्रहण कार्य पर हुए व्यय को घटाने के पश्चात, इस अधिनियम के प्रयोजनार्थ उचित मानते हुए विशिष्ट रूप से उपयोग किए जाने के लिए उस धनराशि का समय समय पर बोर्ड को भुगतान कर सकती है ।

3.4 अधिनियम की धारा 17 के तहत, केन्द्रीय सरकार, अनुदान अथवा ऋण के रूप में बोर्ड को ऐसी धनराशि का भुगतान भी कर सकती है, जिसका संसद द्वारा इस संदर्भ में यथोचित समायोजनों के अनुसार प्रावधान किया गया हो ।

4. r;y m|kx fodkl ckM }kjk ikIr fuf/k;k

4.1 ओएनजीसी, ओआईएल और डीजीएच द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार यह देखा गया है कि वर्ष1974–75 में उपकर के रूप में उगाही गई 30.82 करोड़. रुपए की राशि वर्ष 2015–16 तक उल्लेखनीय ढ़ंग से बढ़कर 14,468.94 करोड़ रुपए हो गई। नीचे ग्राफ में सरकार द्वारा कच्चे तेल पर एकत्रित उपकर का वर्षवार विवरण दिया गया है।



4.2 केन्द्रीय सरकार ने इसकी स्थापना के पश्चात से उपकर के रूप में दिनांक 31 मार्च 2016 तक अनुमानतः 1,62,195.51 करोड़. रुपए की राशि एकत्र की है, तेउविबो को वर्ष 1991–92 तक 902.40 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। नीचे दिए गए ग्राफ में तेउविबो को दिए गए उपकर का वर्ष वार विवरण दिया गया है।



4.3 तेउविबो द्वारा विभिन्न तेल क्षेत्र की कंपनियों को दिए गए ऋण तथा अतिरेक निधियों का सावधि जमा आय के रूप में अल्पकालीन निवेश करते हुए अपने स्वयं के आंतरिक संसाधनों का सृजन भी किया जाता है। उपकर आय और तेल उद्योग विकास बोर्ड द्वारा आंतरिक संसाधनों से उत्पन्न योगदान से दिनांक 31 मार्च 2016 तक तेल उद्योग विकास कोष में 11,452.96 करोड़ रुपए संचित हो गए हैं ।

अध्याय–2

वित्तीय सहायता – तेल कंपनियों को ऋण

1. तेउविबो अपने गठन के वर्ष 1974–75 के बाद से तेल क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनियों को ऋण प्रदान कर रहा है। तेउविबो द्वारा वितरित ऋण वर्ष 1974–75 में 16.01 करोड़ रुपए से पिछले पांच वर्षों में बढकर औसतन 1900 करोड़ रुपए हो गया है। ऋण निधि का मुख्य उपयोग गैस और तेल पाइपलाइन परियोजनाओं, नई रिफाइनरियों की स्थापना, मौजूदा रिफाइनरियों की गुणवत्ता उन्नयन, सिंगल प्वांइट मूरिंग परियोजनाओं और शहर गैस वितरण आदि परियोजनाओं के लिए किया जा रहा है।

2. तेउविबो द्वारा वित्त वर्ष 2011–12 से 2015–16 तक वितरित ऋण का विवरण नीचे ग्राफ में दर्शाया गया है:–

(रुपए करोड़ में)



3. पिछले पांच वर्षों में तेउविबो द्वारा वितरित ऋण से तेल क्षेत्र की वित्त पोषित परियोजनाओं का कंपनी वार विवरण निम्न तालिका में दिया जा रहा है। :

(रुपए करोड़ में)

Ø0 l0	Rky lLFkkuk dk uke	foRRkh; o"k					
		2011&12	2012&13	2013&14	2014&15	2015&16	5 o"kk dk dqy ;kx
1.	vkbivklh,y	100.00	1050.00	572.00	420.00	711.25	2853.25
2.	Ckhihlh,y	100.00	97.00	-	907.50	744.25	1848.75
3.	xy	675.00	490.00	975.00	-	-	2140.00
4.	,pihlh,y	500.00	-	138.00	120.00	124.75	882.75
5.	Ckhlhih,y	44.00	250.00	435.00	-	298.00	1027.00
6.	,evkjih,y	400.00	400.00	300.00	-	-	1100.00
7.	Xky xl fy0	43.59	20.00	25.65	12.35	24.23	125.82
8.	,uvkj,y	-	-	42.00	-	-	42.00
9.	Ckhdk ykjh fyfeVM	-	-	-	-	12.00	12.00
	dy	**1862.59**	**2307.00**	**2487.65**	**1459.85**	**1914.48**	**10031.57**

4. गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल), इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) वर्ष 2011–12 से 2015–16 तक की अवधि में तेउविबो से ऋण प्राप्त करने वाले मुख्य लाभार्थी हैं जिन्हें इस अवधि के दौरान कुल ऋण संवितरण का 64 प्रतिशत ऋण प्रदान किया गया। नीचे ग्राफ में वर्ष 2011–12 से 2015–16 के दौरान वितरित ऋण का संगठनवार विवरण दिया गया है।



5. 31 मार्च 2016 को रूपये 7229.09 करोड़ रूपये का बकाया ऋण है। संगठन वार ब्यौरा निम्नानुसार हैं :

¼djksM #i, e½

Ø0 la0	Rksy lLFkkuksa dk uke	jkf'k
1.	vkbZvkslh,y	2110.25
2.	Ckhihlh,y	1725.25
3.	xsy	1145.00
4.	,pihlh,y	473.25
5.	Ckhlhih,y	1161.62
6.	,evkjih,y	525.00
7.	xsy xSl fyfeVsM	76.72
8.	Ckhdkusj ykjh fyfeVsM	12.00
	dqy	**7229.09**

6.0 foRrh; o"kZ 2015&16 ds nkSjku rsy m|ksx fodkl cksMZ }kjk foÙk ikf"kr ifj;kstuk,

6.1. bafM;u vk;y dkiksZjs'ku fyfeVsM ¼

मेसर्स इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने अपनी निम्न परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु वर्ष 2015–16 के दौरान तेउविबो से 711.25 करोड़ रुपए की ऋण सहायता प्राप्त की।

I ikjknhi fjQkbujh ifj;¨tuk

डीजल हाईड्रो ट्रीटर इकाई (डीएचडीटी)

पारादीप रिफाइनरी आज तक इंडियन ऑयल के सबसे प्रतिष्ठित और पूंजी गहन परियोजना है और यह इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड रिफाइनरी के समूह की 11 वीं रिफाइनरी पारादीप, उड़ीसा में स्थित है। इसे 7 फरवरी 2016 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया गया था, पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा गेटवे के रूप में, ख्याल रखते हुए, 15 एमएमटीपीए रिफाइनरी को 34,555 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से स्थापित किया गया है।

यह नेल्सन सूचकांक आधारित 12.2 की जटिलता कारक के साथ देश की सबसे आधुनिक रिफाइनरी है। रिफाइनरी उच्च सल्फर भारी कच्चे तेल को प्रोसेस करने के साथ प्रमुख माध्यमिक प्रसंस्करण इकाइयों तरलीकृत कैटालिस्टिक क्रैकर, विलबिंत कोकिंग इकाई (डीसीयू) कोक के उत्पादन के लिए, डीजल हाइड्रो ट्रीटमेंट के अलावा उत्पादों की गुणवत्ता उन्नयन के लिए, उत्प्रेरक सुधारक, एकलाइलेशन इकाई, मेरोक्स आदि को प्रोसेस करने में विन्यस्त है। तेउविबो द्वारा इस परियोजना के लिए, रूपये 500 करोड़ की ऋण सहायता दी गई।

II ikjknhi & jk;iqj&jkaph ikbiykbu

जेटनी स्टेशन – पंपिंग क्षेत्र

परियोजना में जेटनी, झारसुगडा, रांची, रायपुर और कोरबा में जेटनी और संबलपूर मध्यवर्ती पंपिंग स्टेशनों के साथ, वितरण केंद्रों पर 1069 किलोमीटर लंबी उत्पाद पाइपलाइन बिछाना शामिल है। उत्पादों की 5 एमएमटीपी, परिवहन क्षमता के लिए पाइपलाइन का दूरबीन व्यास 18′/16′/14′/12′/10′ होगा। परियोजना हेतु 73.75 करोड़ रूपये का ऋण दिया गया।

III lyk;k&eFkqjk ikbi ykbu iz.kkyh ds ekxZ&vojks/kdks dk fuLrkj.k

परियोजना में सलाया–मथुरा पाइप लाइन एसएमपीएल प्रणाली के मार्ग अवरोधों के निस्तारण द्वारा सलाया–वीरमगाम खंड की क्षमता को 21 एमएमटीपीए से 25 एमएमटीपीए तक बढ़ाना शामिल है। परियोजना में 28/24 व्यास की 797 कि.मी. पाइप लाइन एसएमपीएल खण्ड के साथ बिछाने तथा वीरमगाय, आबू रोड़ व राजोला में नए पंपिग सुविधाओं की स्थापना की परिकल्पना है। इस परियोजना का दिसम्बर 2016 में पूरा होना अपेक्षित है। कथित पाइपलाइन प्रणाली के लिए 62.50 करोड़ रूपये का ऋण तेउविबो द्वारा उपलब्ध करवाया गया।

IV ikjknhi&gfYn;k&nqxkZiqj ,yihth ikbiykbu

परियोजना में 670 किमी लंबी, 10′′ व्यास की 0.5 एमएमटीपीए क्षमतावाली एलपीजी पाइपलाइन हल्दिया से होते हुए पारादीप से दुर्गापुर तक बिछाने के साथ, बालासोर में बज–बज (Budge& Budge) कल्याणी और दुर्गापुर में

मौजूदा बॉटलिंग संयंत्रों को पारादीप और हल्दिया से एलपीजी की ढुलाई के लिए संबंद्ध सुविधाओं के साथ–साथ रसोई गैस पाइपलाइन बिछाना शामिल है, इस परियोजना का जून 2017 तक पूरा होना प्रत्याशित है। तेउविबो द्वारा ऋण भुगतान के लिए सहायता 75.00 करोड़ रूपये दी गई है।

6.2 Òkjr iV"fy;e dkikj'ku fyfeVM

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक संगठित तेल कंपनी है जो कच्चे तेल के परिशोधन तथा पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन के कार्यो में लगी है। तेउविबो द्वारा कंपनी को वर्ष के दौरान ऋण के भाग के रूप में 744.25 करोड़ रूपये की राशि निम्न परियोजनाओं के वित पोषण के लिए जारी की गई।

I कोच्चि रिफाइनरी की एकीकृत रिफाइनरी विस्तार योजना : भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कोच्चि रिफाइनरी में एकीकृत रिफाइनरी विस्तार योजना के लिए तेउविबो से वित वर्ष 2015–16 में 654.00 करोड़ रूपए की ऋण सहायता प्राप्त की। एकीकृत रिफाइनरी विस्तार योजना (आईआरईपी) से कोच्ची रिफाइनरी मे वर्तमान रिफाइनरी क्षमता 9.5 एमएमटीपीए से बढाकर 15.5 एमएमटीपीए हो जायेगी। रिफाइनरी सुविधाओं के आधुनिकीकरण द्वारा बीएस IV/यूरो–VI विनिर्देशों के साथ आटो–ईंधन और अवशेष धाराओं के उन्नयन के साथ डिस्टिलेट्स और पेटकोक के उत्पादन की सुविधा होगी। परियोजना की स्वीकृत लागत 16,504 करोड़ रूपए है।

II सीडीयू/वीडीयू परियोजना मुम्बई रिफाइनरी : भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित वर्ष 2015–16 में 74.75 करोड़ रूपए की ऋण सहायता तेउविबो से प्राप्त की। क्रेड आसवन ईकाइ (सीडीयू)/वैक्यूम आसवन ईकाई (वीडीयू), डीमाउंटटेबल फ़्लेयर, फस्ट गैस टबाईन जेनरेटर, रिर्वस ऑस्मोसिस और डीमिनरलाइजेशन प्लांट, हीट रिकवरी स्टीम जेनरेटर III, कच्चे पानी खदान और कच्चे जल उपचार संयंत्र चालू कर दिये गये हैं। अन्य प्रमुख ईकाईयॉ जैसे कि – डीजल हाइड्रो ट्रीटर (डीएचडीटी), दो जीटीजी, दो यूटीलिटी बॉयलर, वैक्यूम गैस ऑयल हाइड्रो ट्रीटर, सल्फर रिकवरी यूनिट, डीलेड कोकर यूनिट तथा फ़्ल्यूड केटेलिटिक क्रेकिंग यूनिट तदानुसार कमीशन की आवश्यकताओं के अनुसार पूरा करने की योजना है।

31.10. 2016 तक परियोजना की समग्र भौतिक प्रगति 12,479 करोड़ रूपये के संचयी व्यय के साथ 97.99 प्रतिशत प्राप्त की है। परियोजना के वित्त वर्ष 2017–18 की प्रथम तिमाही में स्थापित होने और चालू होने की संभावना है।

III कोटा–जोबनेर पाइपलाइन परियोजना : तेउविबो ने बीपीसीएल की कोटा–जोबनेर पाइपलाइन परियोजना के लिए वित वर्ष 2015–16 में 15.50 करोड़ रूपए की ऋण सहायता प्रदान की। जिसमें 210 किलोमीटर लंबी और 14 इंच व्यास वाली पाइपलाइन कोटा से जोबनेर, जयपुर के पास तक बिछाई गई है। परियोजना में 5 सैक्शनलाइजिंग वाल्व स्टेशनों और एक मध्यवर्ती पिगिंग स्टेशन का निर्माण शामिल है। इसके अलावा जोबनेर में 91,000 किलोलीटर क्षमता के टैंकों और संबंद्ध सुविधाओं से परिपूर्ण एक टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। प्रस्तावित पाइपलाइन बीपीसीएल की मुम्बई रिफाइनरी से पेट्रोलियम उत्पाद ले जाएगी।

6.3 Çgn|Lrku iV"fy;e d,i"j'ku fyfeVM

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, तेल परिष्करण और पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोरसायन पोषक स्टॉक के विपणन में संलग्न तेल कंपनी है । वर्ष 2015–16 के दौरान, निम्नलिखित पाइपलाइन परियोजनाओं के आंशिक वित्त पोषण के लिए कंपनी को तेउविबो द्वारा ऋण के रूप में 124.75 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है :

I jokMh dkuiqj ikbiykbu ifj;¨tuk ¼#i;s 72 dj¨M+½

इस परियोजना का उद्देश्य, उत्तर प्रदेश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए रेल तथा सड़क परिवहन से बचने के लिए रेवाडी (हरियाणा) से कानपुर (उत्तरप्रदेश) तक एक समर्पित क्रास कंट्री पाइपलाइन बिछाना है । इस पाइपलाइन की लंबाई अनुमानतः 442 किमी होगी और इसकी डिजाइन क्षमता 7.98 एमएमटीपीए होगी तथा यह हरियाणा, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश से होकर गुजरेगी । परियोजना की अनुमोदित लागत 1446.34 करोड़ रूपए है तथा परियोजना अपने निर्धारित लक्ष्य से पहले अक्टूबर 2015 तक आरंभ हो गई थी।

II eaxykSj&gklu&eSlj&lkyoj ,yihth ikbiykbu ifj;kstuk ¼#i;s 52-75 dj¨M+½

इस परियोजना का उद्देश्य एलपीजी के परिवहन के लिए मैंगलौर में एलपीजी आयात सुविधा से एचपीसीएल के बंगलौर के समीप येदियुरू स्थित प्रस्तावित बॉटलिंग प्लांट हासन से होते हुए एक समर्पित क्रास कंट्री पाइपलाइन बिछाना है। इसके साथ–साथ, हासन टैप ऑफ बिंदु से एचपीसीएल के मैसूर स्थित बॉटलिंग प्लांट तक एक स्पर लाइन भी बिछाई जा रही है । इस परियोजना की अनुमानित लागत 838.08 करोड़ रूपए है। इस पाइपलाइन की लंबाई लगभग 356 किलोमीटर होगी तथा इसकी क्षमता 2.279 एमएमटी (प्रचालन के प्रथम वर्ष) और 3.106 एमएमटी (प्रचालन के आठवें वर्ष) होगी। परियोजना ने मई 2016 तक 96.67 प्रतिशत समग्र भौतिक प्रगति हासिल की है। परियोजना के नवम्बर 2016 तक संपन्न होने की संभावना है।

6.4 czgeiq= Øsdj ,.M ikWfyej fyfeVsM ¼chihlh,y½

मैसर्स ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पोलिमर लिमिटेड (बीपीसीएल) ने असम गैस क्रेकर परियोजना के लिए वर्ष 2015–16 के दौरान 298.00 करोड़ रूपये की ऋण सहायता प्राप्त की।

असम गैस क्रेकर परियोजना, ब्रह्मपुत्र क्रेकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) की लेपेटकाटा, जिला डिब्रूगढ़, असम में स्थापित ऐतिहासिक असम समझौते का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसमें क्रेकर ईकाई, डाउन स्ट्रीम पॉलीमर ईकाई, एकीकृत ऑफ साइट और उपयोगिता संयत्र सम्मिलित हैं। परिसर में प्राकृतिक गैस और नाफ़्था फीड स्टॉक के साथ 220,000 टन प्रतिवर्ष (टीपीए) पॉलीथीन तथा 60,000 टन प्रति वर्ष (टीपीए) की पालीपरोपलीन तथा अन्य उत्पादों के साथ की क्षमता है। परियोजना पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली पेट्रो रसायन परिसर है जिसमें भारत सरकार की पूंजीगत सहायता, गेल, एनआरएल और असम सरकार की इक्विटी तथा तेउविबो, एसबीआई और आआईएल की ऋण सहायता शामिल है। परियोजना 2.1.2016 को पूरी हुई और माननीय प्रधान मंत्री ने दिनांक 5.2.2016 को इसे राष्ट्र को समर्पित किया। रिपोर्ट की अवधि के दौरान तेउविबो ने इस परियोजना के लिए 298 करोड़ रूपये दिए।

6.5 xsy xSLk fyfeVsM

गेल गैस लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी है, जिसका गठन देश भर की शहरी गैस वितरण परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए किया गया था। गेल गैस, 374.21 किलोमीटर से अधिक स्टील पाइप लाइन और लगभग 586.74 किलोमीटर एमडीपीई पाइपलाइन नेटवर्क का प्रचालन सोनीपत, मेरठ, कोटा, देवास, आगरा और समलम्ब शहरों में कर रही है । गेल गैस इन शहरों के 503 औद्योगिक और व्यावसायिक इकाइयों और 8774 घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्राकृतिक गैस की उत्तरोत्तर आपूर्ति करती है।

रिपोर्ट की अवधि तेउविबो ने 24.23 करोड़ रूपये की राशि का ऋण जारी किया।

6.6 chdk ykjh fyfeVsM ¼ch,y,y½

रिपोर्ट वर्ष की अवधि के दौरान बीको लॉरी लिमिटेड (बीएलएल) ने सांविधिक देय और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्ष 2015–16 के दौरान 12 करोड़ रूपये की विशेष ब्रिज ऋण सहायता ली है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 25.3.2015 को केन्द्र सरकार द्वारा इस पर दी गई स्वीकृति भेजी थी।

अध्याय-3

वित्तीय सहायता : नियमित अनुदानग्राही संगठनों को अनुदान

1. अपने उद्देश्य के अनुसरण में तेल उद्योग विकास बोर्ड पांच नियमित अनुदानग्राही संस्थानों जैसे कि – हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच), तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी), उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी), पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) और पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को अनुदान के माध्यम से सहायता प्रदान कर रहा है ।

2. नियमित अनुदानग्राही संस्थानों को अनुदान के अलावा तेउविबो तेल क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए भी अनुदान देता है । तेउविबो विश्व स्तरीय शिक्षा, प्रशिक्षण और पेट्रोलियम और ऊर्जा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने हेतु राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) की सिवानगर, असम और जियास, रायबरेली में चल रही परियोजनाओं को अनुदान देता है। वर्ष 1975–76 से 31.3.2016 तक तेल उद्योग विकास बोर्ड ने कुल 2607.76 करोड़ रूपए का समेकित अनुदान दिया। वर्ष 2015–16 के दौरान कुल 275.23 करोड़ रूपए का अनुदान जारी किया गया। जिसमें से 215.05 करोड़ रूपए नियमित अनुदानग्राही संस्थाओं को वितरित किया गया।

3. नियमित अनुदान ग्राही संस्थानों को पिछले पांच वर्षों में वितरित किए गए अनुदान का विवरण निम्नानुसार हैं :

LkLFkku	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
डीजीएच	55.14	62.09	39.62	137.95	121.51
पीसीआरए	25.00	46.96	41.54	40.86	41.13
सीएचटी	12.04	13.92	18.45	10.38	19.59
पीपीएसी	12.21	12.35	14.36	14.83	17.77
ओआईएसडी	9.96	10.88	13.74	16.25	15.05
d|y	**114.35**	**146.20**	**127.71**	**220.27**	**215.05**

4. वर्ष 2014–15 की तुलना में वर्ष 2015–16 में अनुदान की स्थिति निम्नलिखित ग्राफ में दर्शायी गयी है। तेउविबो द्वारा वर्ष 2015–16 के दौरान भारत सरकार /तेउविबो द्वारा प्रायोजित अनुदान/योजनाओं पर निम्नलिखित व्यय किया गया।

2014-15



2015-16



4.1 gkbMªksdkcZu egkfuns'kky; ¼Mhth,p½

हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की स्थापना भारत सरकार के संकल्प द्वारा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन वर्ष 1993 में की गई थी। डीजीएच की स्थापना का उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा, पेट्रोलियम गतिविधियों के तकनीकी और आर्थिक पहलुओं में संतुलन बनाए रखते हुए तेल और प्राकृतिक गैस संसाधनों के कुशल प्रबंधन को बढ़ावा देना है। डीजीएच को प्रमुख क्षेत्रों के रिज़र्वायर निष्पादन की समीक्षा सहित खोजे गए क्षेत्रों व अन्वेषण ब्लॉकों की उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं, अन्वेषण एवं उत्पादन संबंधी गतिविधियों में निवेश व निगरानी से संबंधित विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा, डीजीएच को गैर–पारंपरिक हाइड्रोकार्बन ऊर्जा स्रोतों के भावी अन्वेषण और विकास के लिए नए/गैर–अन्वेषित क्षेत्रों को आरंभ करने के कार्य में भी संलग्न किया गया है ।

डीजीएच पूर्ण रूप से तेउविबो द्वारा वित्त पोषित है । वर्ष 2015–16 के दौरान, तेउविबो ने डीजीएच को 121.51 करोड़ रुपए का अनुदान प्रदान किया। डीजीएच ने वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित प्रमुख गतिविधियों को निष्पादित किया।

1) Hkkoh vUos"k.k dk fy, u, {ks=ksa dh 'kq:vkr

सरकार द्वारा, हाइड्रोकार्बन अन्वेषण और लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) का अनुमोदन 30.3.2016 को किया गया। इस नीति की चार मुख्य विशेषताएं है। (i) हाइड्रोकार्बन के सभी स्वरूपों के उत्थान एवं उत्पादन के लिए एक समान लाइसेंस (ii) खुली रकबा नीति (iii) राजस्व भागीदार वाले मॉडल के संचालन में आसानी (iv) उत्पादित कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के लिए विपणन व मूल्य निर्धारण में आजादी।

हेल्प के उपर्युक्त निर्णय से तेल एवं गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ेगा। इस क्षेत्र में व्यापक निवेश आएगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस नीति का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और प्रशासनिक विवेकाधिकार में कमी लाना हैं । इन ब्लॉकों में उत्पादित होने वाले कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के लिए विपणन संबंधी आजादी भी इस नीति में दी गई है।

2) uSYi dk dk;kZUo;u

भारत सरकार की नेल्प नीति के माध्यम से अन्वेषण एवं उत्पादन क्षेत्र के विकास को काफी बढ़ावा मिला है, जिसने इस क्षेत्र में व्यापक उदारीकरण को बढ़ावा दिया है, और इसे निजी और विदेशी निवेश के लिए खोल दिया है, जिसके लिए 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) स्वीकृत है ।

अब तक, नेल्प के नौ राउंड का निष्कर्ष निकाला गया है। और 254 ब्लॉकों में अन्वेषण एवं उत्पादन के लिए काम सौंपा गया है। वर्ष 2015–16 में नेल्प के अंतर्गत 7 ब्लॉकों में 5 तेल और 7 गैस खोजें की गई। नेल्प के अंतर्गत कुल 51 ब्लॉकों में 154 तेल और गैस खोजें की गई। वर्तमान में, 25 नेल्प खोजें, विकास की राह पर और 19 नेल्प खोजों पर उत्पादन हो रहे हैं।

3) mRiknu fgLlsnkjh lafonkvksa dh fuxjkuh %

भारत सरकार ने 28 खोजे गए क्षेत्रों, 33 सीबीएम ब्लॉकों, नेल्प–पूर्व व्यवस्था के तहत 28 अन्वेषण ब्लॉकों और नेल्प व्यवस्था के तहत 254 ब्लॉकों की संविदाओं पर हस्ताक्षर किए हैं । डीजीएच भारत सरकार की ओर से, प्रत्येक ब्लॉक/क्षेत्र के लिए स्थापित की गई प्रबंधन समितियों के माध्यम से इन उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं के कार्यान्वयन तथा प्रबंधन की निगरानी करता है। वर्ष 2015–16 के दौरान, पीएससी व्यवस्था के तहत क्षेत्रों/ब्लॉकों द्वारा 11.36 मिलियन मीट्रीक टन तेल और 8.23 बिलियन घन मीटर प्राकृतिक गैस का उत्पादन किया गया ।

4) {k=h; fodkLk] fj tok; j o mRiknu lc/kh fuxjkuh ½

उत्पादन हिस्सेदारी संविदाओं (पीएससीज़) व्यवस्था के तहत विभिन्न क्षेत्रों की विकास संबंधी गतिविधियों की निगरानी की जाती है तथा खोजों की रिज़र्वायर पुनरीक्षा, संभावित वाणिज्यिक हित, वाणिज्यत्व की घोषणा (डीओसीज़) तथा क्षेत्रीय विकास योजना (एफडीपी) आदि के संदर्भ में अन्वेषण ब्लॉक की गतिविधियों का कार्यान्वयन भी किया जाता है। वर्ष 2015–16 के दौरान 3 वाणिज्यत्व की घोषणा (डीओसीज) की समीक्षा की गई और पीएससी व्यवस्था के अंतर्गत 5 क्षेत्रीय विकास योजनाओं (एफडीपी) को मंजूरी दी गई।

5) u'kuy MkVk fjikftVjh ¼,uMhvkj½ dh LFkkiuk ½

एनडीआर स्थल पर साफ्टवेयर के एकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। एनडीआर परियोजना का आरंभिक डेटा आबादी चरण दिनांक 02.03.2016 को पूरा हुआ। आंरभिक आबादी चरण के दौरान, जीएंडजी डेटा के त्याग ब्लाकों (निजी ऑपरेटरों/अनापत्ति प्रमाण पत्र), सक्रिय नेल्प ब्लाकों के डेटा डाल दिए गये हैं। 31.03.2016 तक कुल 11,00,213 एलकेएम 2डी सिसमिक डेटा और 2,97,516 एसकेएम 3डी सिसमिक डेटा तथा 1,954 संख्या के वेल डेटा भी एनडीआर में डाले जा चुके हैं। एनडीआर परियोजना का संचालन चरण 3.03.2016 को आरंभ हो गया जिसमें अनापत्ति प्रमाण पत्र के नामांकन ब्लाकों से संबंधित डेटा लोड करने का कार्य प्रगति पर है।

6) d¨y cM ehFku ¼Lkhch,e½ ½

कोल बेड मीथेन पॉलिसी 1997 में तैयार की गयी। पॉलिसी के अंतर्गत 4 वैश्विक बोली रॉउंड के द्वारा 36 सीबीएम ब्लॉकों में सीबीएम संसाधनों के अन्वेषण और उत्पादन का कार्य सौंपा गया। विभिन्न कंपनियां जिसमें निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियां शामिल है, को 33 सीबीएम ब्लॉक आबंटित किए गए। जिसमें से तीन ब्लॉक नामांकित थे।

अब तक आबंटित कुल 33 ब्लॉकों में से, 2 सीबीएम ब्लॉक उत्पादन चरण में प्रवेश कर चुके हैं, 6 सीबीएम ब्लॉक विकास के चरण में हैं, 5 सीबीएम ब्लॉक अंवेषण चरण में है, 2सीबीएम ब्लॉक राज्य सरकार से पीईएल के इंतजार में है, 4 सीबीएम ब्लॉकों का ठेकेदार द्वारा अपर्याप्त समृद्धि के कारण परित्याग कर दिया और 14 सीबीएम ब्लॉक परित्याग करने की प्रक्रिया में हैं। 15 सक्रिय ब्लॉकों (विकास और अंवेषण चरण) में से 5 ब्लॉकों (परीक्षण उत्पादन के साथ), में उत्पादन शुरू हो गया है और 3 से ज्यादा सीबीएम ब्लॉकों में वित्तीय वर्ष 2017–18 तक उत्पादन शुरू होने की संभावना है।

7) vfuok;Zrk Áek.ki= ½

वर्ष 2015–16 के दौरान, डीजीएच द्वारा कुल 12709 अनिवार्यता प्रमाणपत्र जारी किए गए, जिनका सीआईएफ मूल्य 2972.35 करोड़ रुपए है ।

8) 'ky vk;y rFkk 'ky xLk

शेल गैस और शेल ऑयल नीति की घोषणा भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2013 में राष्ट्रीय तेल कंपनियों (एनओसीज) के लिए नामित भूभागों में शेल तेल तथा शेल गैस संसाधनों की खोज एवं दोहन हेतु की गई थी। नीति दिशानिर्देशों के अनुसार ओएनजीसी तथा ओआईएल को पहले चरण के तहत आकलन हेतु क्रमशः 50 और 5 ब्लॉकों में शेल गैस और शेल तेल अंवेषण करना है। ओएनजीसी कैम्बे, कावेरी, कृष्णा गोदावरी और असम तथा अराकान बेसिन में शेल गैस और तेल अंवेषण कर रहा है तथा ओआईएल असम और राजस्थान बेसिन में शेल गैस और तेल अंवेषण गतिविधियां कर रहा हैं ।

9) iokRrj {k= d fy, gkbM¨dkcu fotu 2030 nLrkot ½

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (पे0एवंप्रा0गेमं0) भारत सरकार, द्वारा पूर्वोत्तर भारत के लिए हाइड्रोकार्बन विजन 2030 तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया है। क्रिसिल जोखिम और इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस तैयार करने में सहायता करने के लिए एक भागीदार के रूप में नियुक्त किया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में ई एंड पी गतिविधियों को बढावा देने के लिए पूर्वोत्तर भारत के लिए हाइड्रोकार्बन विजन 2030 दस्तावेज तैयार करने के पीछे मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत में अगले 15 साल के लिए तेल और गैस के उत्पादन एवं अंवेषण गतिविधियों को बढाने के लिए हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में आवश्यक निवेश की रूपरेखा तैयार करना है।

4.2 iV¨fy;e Lkaj{k.k vuqLka/kku la?k ¼ihLkhvkj,½

पीसीआरए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में वर्ष 1978 में स्थापित की गई एक पंजीकृत सोसायटी है। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों अर्थात उद्योग, कृषि, परिवहन, घरेलू और वाणिज्यिक क्षेत्रों में ईंधन दक्षता को बढ़ावा देने एवं प्रत्यक्ष तकनीकी सहायताए अनुसंधान और विकास, शैक्षिक और प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बडे पैमाने पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एक गैर–लाभकारी संगठन के रूप में पीसीआरए नोडल एजेंसी के तौर पर निरंतर कार्यरत है। यह अपनी खोज में, पीसीआरए, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों सरकारी और गैर सरकारी संगठनों, अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों और अन्य संगठनों की मदद लेता है। यह तेल और गैस की आवश्यकता पर देश की अत्यधिक निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से पेट्रोलियम संरक्षण के लिये नीतियों और रणनीतियों के निर्धारण में सरकार की मदद करता है।

वर्ष 2014–15 के दौरान, तेउविबो द्वारा प्रशासनिक व्यय सहित पीसीआरए को अपनी गतिविधियों के लिए कुल 41.13 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी । वर्ष 2014–15 के दौरान, पीसीआरए की विभिन्न प्रमुख गतिविधियों का विवरण नीचे दिया जा रहा है:–

i) {ks=h; xfrfof/k;ka

क्षेत्रीय गतिविधियों का संचालन पीसीआरए के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है । क्षेत्रवार क्षेत्रीय गतिविधियों के माध्यम से, पीसीआरए अपने इंजीनियरों और पैनलों में शामिल विशेषज्ञों के साथ ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लक्षित समूहों तक पहुंचता है । ये गतिविधियां हमारे देश के उद्योग, परिवहन, घरेलू, कृषि और वाणिज्यिक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक स्थिति का एक बडा स्पेक्ट्रम कवर करने का कार्य करती हैं। वर्ष के दौरान, देश भर में कुल 10,842 क्षेत्रीय गतिविधियों को आयोजित किया गया।

ii) vkS|¨fxd {ks=

औद्योगिक क्षेत्र देश में कुल ईंधन की लगभग 14 प्रतिशत खपत करता है। इस क्षेत्र में ईंधन के उपयोग में सुधार के लिए पीसीआरए बडे, मध्यम और छोटे पैमाने के उद्योगों के लिये ऊर्जा दक्षता अध्ययन, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि के माध्यम से ध्यान आकर्षित करता है ।

वर्ष 2015–16 के दौरान पीसीआरए ने इस क्षेत्र में कुल 688 ऊर्जा दक्षता अध्ययनों को पूरा किया। जिनमें ऊर्जा ऑडिट (317), ईंधन तेल नैदानिक अध्ययन (151) और छोटे पैमाने के उद्योगों में वॉक–थ्रू–ऑडिट (220) शामिल हैं। देश के विभिन्न भागों में औद्योगिक क्षेत्रों को विशिष्ट लाभ पहुंचाने के लिए पीसीआरए ने कुल 145 सेमिनारों/तकनीकी बैठकों का आयोजन किया। पीसीआरए द्वारा कुल 565 औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हितकारकों को अपने संयंत्र की ऊर्जा लेखा परीक्षा के माध्यम से संरक्षण की संभावनाओं को महसूस करवाना व जागरूकता बढाना इन कार्यक्रमों का उद्धेश्य है। पीसीआरए इन कार्यक्रमों में अपने उद्योग लेखा

परीक्षा के अनुभवों को साझा करता है। उपरोक्त के अतिरिक्त पीसीआरए ने इस क्षेत्र में ऊर्जा और ईंधन की बचत के उपायों को प्रचालित करने के लिए 616 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं के दौरान, उद्योगों में ऊर्जा और ईंधन की बचत के सुझावों पर लघु फिल्मों को भी दिखाया जाता है।

पीएटी योजना के तहत ऊर्जा ऑडिट के माध्यम से उद्योगों के लिए ऊर्जा दक्षता पर कार्यक्रम

पीएटी (परफोर्म, अचीव एंड ट्रेड), बीईई की संबर्धित ऊर्जा दक्षता पर शुरू की गई राष्ट्रीय मिशन (एनएमईईई) का भाग है, जो कि भारत की बडी ऊर्जा गहन उद्योगों में ऊर्जा दक्षता को बढाने का कार्य करता है। पैट योजना को 11 क्षेत्रों के 621 यूनिटों में फैलाया गया है। वर्ष 2015–16 के दौरान, पीसीआरए ने पैट योजना के तहत वस्त्र, लौह एवं इस्पात, क्लोरिस–क्षार उद्योगों में ऊर्जा और ताप विद्युत संयत्रों में 14 ऊर्जा/सत्पायन आडिट किये हैं।

Åtk y[kk ijh{kdk dk iuy

पिछले कुछ वर्षो में, पीसीआरए, गुणवत्ता ऊर्जा लेखा परीक्षकों के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे कि उनकी सेवायें देश के उद्योगों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को उपलब्ध करायी जा सके। हमारे पैनल समिति में बीईई, एनपीसी, टेरी तथा पीसीआरए से सदस्य शामिल हैं। पीसीआरए के 83 ऊर्जा लेखा परीक्षकों का एक मजबूत दल आज देश के उद्योगों को अपनी सेवायें प्रदान कर रहा है।

iii) ifjogu {k=

पीसीआरए बेहतर रखरखाव प्रथाओं और बेहतर ड्राइविंग की आदतों के माध्यम से पेट्रोल, डीजल, स्नेहकों तथा ग्रीसों के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य परिवहन उपक्रमों (एसटीयू), निजी बड़े ऑपरेटरों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के लिए ड्राईविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम (डीटीपीयू), मॉडल डिपो परियोजनाओं आदि जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन करता है। वर्ष 2015–16 के दौरान पीसीआरए ने 2097 चालक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर 42233 चालकों को प्रशिक्षित किया।

iv) Ñf"k {k=

किसान समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए, पीसीआरए वैन प्रचार, किसान मेला और कृषि महाविद्यालयों के छात्रों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों जैसी गतिविधियों का आयोजन करता हैं। इन गतिविधियों के दौरान, ईंधन संरक्षण पर लघु चित्र और फिल्मों को भी दिखाया गया है। वर्ष 2015–16 में पीसीआरए ने 83 किसान मेलों में भाग लिया और 971 कृषि कार्यशालाओं का आयोजन किया ।

v) ?kjy {k=

,yihth@djkflu cpr ij dk;'kkyk

एलपीजी/पीएनजी और मिट्टी के तेल के संरक्षण को बढावा देने के लिए पीसीआरए ने गृहिणियों, कालेज की छात्राओं और रसोईयों को ईंधन संरक्षण के लिए बेहतर खाना पकाने की अग्रणी आदतों पर ईंधन कुशल स्टोव और प्रकाश उपकरणों का उपयोग करने और ऊर्जा वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर, बायो गैस आदि के उपयोग के लिए शिक्षित किया है। कार्यक्रम के दौरान एलपीजी/पीएनजी और मिट्टी के तेल की बचत टिप्स, वीडियो क्लिपिंग, फिल्मों आदि के माध्यम से जानकारी को प्रचारित किया जाता है । पीसीआरए द्वारा वर्ष 2015–16 में इस तरह के 1437 जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया है ।

;ok dk;Øe

पीसीआरए का उद्देश्य युवा मन में उर्जा संरक्षण के महत्व और उन्हें अपने घरेलू और व्यावसायिक जीवन के संपूर्ण

क्षेत्रों में तेल संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 2015–16 के दौरान पूरे देश में कुल 2230 युवा कार्यक्रम आयोजित किये गये ।

vi) vuLka/kku v©j fodkLk

पीसीआरए ने ऊर्जा का अधिकतम उपयोग और कम कार्बन के उत्सर्जन हेतु अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं को आरंभ किया। पीसीआरए ने नये अनुसंधान एवं विकास की पहलों और प्रायोजिकों के विकास, बेहतर प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन और कार्यान्वयन, चिन्हित क्षेत्रों में तेल और गैस संरक्षण प्रक्रियाओं को बढ़ावा दिया है। वर्ष 2015–16 के दौरान, 4 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गई, 7 नई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं चल रही हैं और 3 नई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

vii) f'k{kk vfÒ;ku

ऊर्जा क्षमता और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के प्रति व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए और बडे पैमाने पर जागरूकता पैदा करने के लिए शिक्षा अभियान एक संचार उपकरण है। परिवर्तन लाने के क्रम में, क्षेत्र विशेष में ऊर्जा की बचत के उपायों और तकनीक लक्षित अंतिम उपभोक्ताओं तक प्रचार किया जा रहा है। पीसीआरए ने फेसबुक, ट्यिूटर, गूगल. यूट्यूब और माई गोव जैसी सामाजिक मीडिया साइटों के माध्यम से जागरूकता को बढावा देने के लिए प्रौद्यागिकी का उपयोग किया है। नियमित रूप से दैनिक ईंधन की बचत युक्तियॉ, पीसीआरए के संरक्षण गतिविधियों पर सुझावों और आमंत्रणों को पीसीआरए के इन सामाजिक मीडिया प्लेटफार्म पर अद्‌यतन किये जाते हैं।

viii) exk ehfM;k vfÒ;ku & 2015&16

मेगा मीडिया और ओजीसीएफ अभियानों को रेडियों टीवी और निजी चैनलों के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रसारित किया गया, जिसमें वृतचित्र, गीतों का इस्तेमाल और माननीय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अपील की गई। ओजीसीएफ–16 के लिए विशिष्ट क्षेत्रों में लोगों को चिन्हित करने के लिए प्रिंट अभियान का आयोजन किया गया। पीसीआरए ने 23 भारतीय भाषाओं में राष्ट्रीय स्तर की निबंध प्रतियोगिताओं और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। पीसीआरए ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2015 में 'साइकिल चलाओ' और 'ईंधन बचाओं' अभिनव खेल के साथ संपूर्ण डिजिटल स्टाल लगाया

ix) vrjk"Vªh;@jk"Vªh; uVofdZx

भारत सरकार की पहल के एक हिस्से के रूप में, उर्जा के क्षेत्र में भारत–जापान सहयोग को बढावा देने के लिए, पीसीआरए ने ईसीसीजे (उर्जा संरक्षण केंद्र, जापान) के साथ राष्ट्रीय/क्षेत्रीय उद्योग निकायों जैसे ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), फिक्की आदि के साथ समझौता किया हुआ है।

x) Rksy ,oa xSl laj{k.k i[kokMk 2016

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वाधान में पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) एवं सार्वजनिक क्षेत्र के तेल और गैस उपक्रम, बेहतर स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति पेट्रोलियम उत्पादों के कुशल उपयोग और संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए जनवरी 16–31, 2016 तक राष्ट्रीय स्तर पर तेल एवं गैस संरक्षण पखवाड़े का आयोजन करते हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वृतांत का विषय 'ईंधन हो स्वच्छ, जन गण रहे स्वस्थ' था।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनांक 16 जनवरी, 2016 को नई दिल्ली में पखवाडे का उदघाटन किया। श्री के.डी. त्रिपाठी, सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सार्वजनिक क्षेत्र की

तेल कंपनियों व राज्य सरकारों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली बच्चे आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने लकडी और अन्य पारम्परिक ईंधन के जलने के कारण होने वाले प्रदूषणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रभावी ढंग से सीएनजी, पीएनजी और एलपीजी जैसे ईंधन के उपयोग पर बल दिया और गांवों को सरकार समर्थित 100 प्रतिशत एलपीजी से जोड कर धुंआ विहित करने को कहा है। समारोह के दौरान माननीय मंत्री द्वारा तेल और गैस संरक्षण की शपथ दिलाई गई। समारोह में तेल उद्योग और राज्य सरकार द्वारा ईंधन संरक्षण पर अनुकरणीय कार्य के अतिरिक्त ईंधन संरक्षण पर राष्ट्रीय स्तर की निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये।

4.3 mPp Á© | ¨fxdh dUæ ¼Lkh, pVh½

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्डा एनजी) द्वारा उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र (सीएचटी) की स्थापना वर्ष 1987 में एक विशेषज्ञता प्राप्त एजेंसी के रूप में की गई थी ताकि रिफाइनरी प्रक्रिया, पेट्रोलियम उत्पादों और योजकों का विकास करने और अपनाने हेतु भावी प्रौद्योगिकी आवश्यकता का पता लगाया जा सके। जुलाई 2016 में सीएचटी को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली मानक, आईएसओ.9001:2008 के लिए मैसर्स डेट नारसकी वेरियम (डीएनवी) द्वारा प्रमाणित किया गया था। सीएचटी भारत सरकार के वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय कार्यक्रमों के कार्यान्व्यन हेतु पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तकनीकी विंग के रूप में कार्य करता है। सीएचटी के मुख्य कार्यों में प्रौद्योगिकी आवश्यकता का आकलन तथा रिफाइनरियों का प्रचालनात्मक निष्पादन मूल्यांकन और सुधार करना शामिल है। सीएचटी केन्द्रीयकृत तकनीकी सहायता, ज्ञान के प्रचार–प्रसार, निष्पादन डॉटा, सूचना एवं अनुभव का आदान–प्रदान करने के लिए तेल उद्योग के केन्द्र बिंदु के रूप में कार्य करता है। सीएचटी रिफाइनिंग और विपणन क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य के वित्तपोषण का भी समन्वय करता है तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की 'हाइड्रोकार्बन की वैज्ञानिक सलाहकार समिति' के कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित करता है।

वर्ष 2015–16 के दौरान सीएचटी को ओआईडीबी से सहायता–अनुदान के रूप में रूपये 19.59 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी। इस निधि में से सीएचटी द्वारा अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं और विशेष अध्ययनों के लिए क्रमश 5.94 करोड़ रूपये तथा 4.0 करोड़ रूपये जारी किए गए थे। सीएचटी द्वारा वर्ष के दौरान प्रमुख निष्पादित गतिविधियां निम्नलिखित हैं।

i) v,Vk¶;y fotu ,o i,fylh 2025%

विशेषज्ञ समिति द्वारा ऑटो फ्यूल विजन एवं पॉलिसी 2025 संबंधी रिपोर्ट 2 मई, 2014 को प्रस्तुत की गई थी। सीएचटी ने रिपोर्ट तैयार करने, उसे अंतिम रूप देने और प्रकाशन करने में विशेषज्ञ समिति को व्यापक तकनीकी और सचिवालयी सहायता उपलब्ध कराई थी। विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रथम चरण के अंतर्गत भारत स्टेज–IV ईंधन जम्मू एवं कश्मीर सहित संपूर्ण उत्तरी भारत में लागू किया गया था। परिणामस्वरूप, देश में भारत स्टेज–IV मानक वाली लगभग 50.8% गैसोलीन और 47.7% डीजल की आपूर्ति की जा रही है।

ii) ih,l; fjQkbufj;k dk fu"iknu vkj rduhdh lok djkj%

सीएचटी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और पीएसयू संयुक्त उद्यम रिफाइनरियों की ओर से मैसर्स सोलोमोन एसोसिएट्स को कैलेण्डर वर्ष 2014 के लिए रिफाइनरियों की बैंचमार्किंग करने के लिए नियुक्त किया है। रिफाइनरियों द्वारा प्रस्तुत आँकड़ों की सोलोमोन ऐसोसिएट्स द्वारा पुष्टि की गई है और अंतिम रिपोर्ट फरवरी/मार्च 2016 में प्राप्त हुई है। सीएचटी ने अप्रैल 2013 में शेल ग्लोबल सोल्यूशन्स इंटरनेशनल के साथ तकनीकी सेवा करार (टीएसए) किया था। 2 वर्ष की संविदा अवधि के समाप्त होने के बाद टीएसए करार 30 जून 2015 को समाप्त हो गया। इस अवधि के दौरान, निर्धारित निशुल्क 2000 मानव घंटों की तुलना में 2284 मानव घंटों का उपयोग किया गया था।

iii) Lon'kh çkS|kfxdh fodkl%

सीएचटी हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए अनुसंधान परियोजनाओं का पता लगाने और वित्तपोषण करने में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) के कार्यकलापों का समन्वय करता है। एसएसी ने राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं और रिफाइनिंग प्रचालनों को अनुमोदित किया तथा उनका संचालन किया। वर्ष 2015–16 के दौरान, एसएसी ने तीन नई परियोजनाओं को अनुमोदित किया।

iv) o"k 2015 vkj 2016 d fy, ry vkj xl lj{k.k ijLdkj%

उच्च. प्रौद्योगिकी केन्द्र ने जनवरी 2015 में "वाष्प रिसाव" तथा जनवरी 2016 में "भट्ठी बॉयलर इंसुलेशन प्रभावकारिता और भट्ठी बॉयलर दक्षता" के क्षेत्र में सर्वेक्षण कराया था। यह सर्वेक्षण रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी और एस्सार की वाडिनार रिफाइनरी सहित सभी रिफाइनरियों में एक साथ किया गया था। सीएचटी द्वारा वर्ष 2015 के सर्वेक्षण आँकड़ों का मूल्यांकन किया गया और पुरस्कारों को चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया गया, तथा इन्हें सितंबर, 2016 में 20वें आरटीएम के दौरान प्रदान किया गया। सीएचटी द्वारा वर्ष 2016 के आँकड़ों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

v) Hkkjrh; fjQkbufj;k dk lkj lxg%

उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र, रिफाइनरियों के निष्पादन का मूल्यांकन करते हुए, यह महसूस किया कि भारतीय रिफाइनरियों की सूचना को एक स्थान पर उपलब्ध कराया जाए। तदनुसार, सीएचटी ने भारतीय रिफाइनरियों का सार संग्रह तैयार किया और उसे फरवरी 2015 में एक पुस्तिका के रूप में प्रकाशित किया, जिसमें सभी 22 रिफाइनरियों की प्रोसेस संबंधी रूपरेखा, क्षमता, प्रोसेस लाइसेंसरों आदि की जानकारी को शामिल किया गया था।

vi) dk;dyki lfefr dh cBd%

उत्कृष्ट प्रचालन पद्धतियों एवं सुधार जानकारी का आदान–प्रदान तथा नवीनतम विकास पर सूचना का प्रचार–प्रसार करने के उद्देश्य से, सीएचटी ने वर्ष के दौरान रिफाइनरी प्रचालनों और पाइपलाइनों के प्रमुख क्षेत्रों में विभिन्न कार्यकलाप समिति की बैठकों का आयोजन किया।

vii) fjQkbufj;ksa esa fu"iknu] çkfIr vkSj 0;kikj ¼ih,Vh½ ;kstuk dk dk;kZUo;u%

पेट्रोलियम रिफाइनरी क्षेत्र को द्वितीय चक्र से पीएटी योजना में शामिल किया गया है, जो 1 अप्रैल 2016 से शुरू हुआ है। देश में 23 रिफाइनरियों में से, 18 रिफाइनरियों (चार छोटी रिफाइनरियों नामतः ततिपका, कावेरी बेसिन, गुवाहाटी और डिगबोई रिफाइनरियों और नव स्थापित पारादीप रिफाइनरी को छोड़कर) को दिनांक 30 दिसंबर 2015 की राजपत्रित अधिसूचना नंबर 225 द्वारा विनिर्दिष्ट उपभोक्ता (डीसी) के रूप में अधिसूचित किया गया है।

सीएचटी ने बीईई के साथ मिलकर प्रत्येक रिफाइनरी की जटिलता, आँकड़ों के सत्यापन, प्रलेखन और आधार–वर्ष के लिए प्रस्तुत गणना को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट ऊर्जा खपत की गणना करने की पद्धति उपलब्ध कराई है।

viii) vU; dk;Zdyki%

सीएचटी ने विभिन्न परियोजनाओं हेतु आयात के लिए अनिवार्यता प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए आवेदनों की समीक्षा और जांच की तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को अपना विश्लेषण/सिफारिशें प्रस्तुत की।

4.4 rsy m|¨x Lkqj{kk funs'kky; ¼vksvkbZ,lMh½

तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय(ओआईएसडी),पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन एक तकनीकी निदेशालय है और जिसे पेट्रोलियम उद्योग में मानक बनाने, सुरक्षा ऑडिटों के माध्यम से इसके कार्यान्वयन की निगरानी रखने का दायित्व सौंपा गया है ताकि सुरक्षा स्तर बढ़ाए जा सकें और इस उद्योग में निहित जोखिम को कम किया जा सके। ओआईएसडी मानक हाइड्रोकार्बन क्षेत्र से संबंधित समस्त गतिविधियों अर्थात अन्वेषण व उत्पादन,शोधन,गैस प्रोसेसिंग, भंडारण, वितरण, पर्यावरण आदि को शामिल करते हैं जिन्हें तेल एवं गैस कंपनियों द्वारा स्व–नियामक आधार पर कार्यान्वित किया जाता है। ओआईएसडी का उद्देश्य तेल उद्योग सदस्यों, सार्वजनिक व निजी क्षेत्र दोनों, के समन्वय से तेल व गैस इंस्टालेशनों में सुरक्षा को बढ़ाना है।

वर्ष 2015–16 के दौरान ओआईएसडी को ओआईडीबी से सहायता–अनुदान के रूप में रूपये 16.25 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी। ओआईएसडी द्वारा वर्ष के दौरान प्रमुख निष्पादित गतिविधियां निम्नलिखित हैं:–

i) vksvkbZ,lMh }kjk lqj{kk v‚fMV% foÙk o"kZ 15&16

ओआईएसडी, सभी प्रकार की तेल व गैस इंस्टालेशनों की उनके ओआईएसडी मानकों के मुताबिक निगरानी करने के लिए आवधिक सुरक्षा ऑडिट करता है। वर्ष 2015–16 के लिए ओआईएसडी सुरक्षा ऑडिट निष्पादन नीचे निर्दिष्ट है:

xfrfof/k;k	en	;kstuk	okLrfod
मूल ऑडिट			
रिफाइनरी एवं गैस संसाधन संयंत्र	संख्या	14	14+22*
विपणन संस्थापनाएं	संख्या	70	49+49*
अंवेषण व उत्पादन तटीय संस्थापनाएं	संख्या	50	50
अंवेषण व उत्पादन अपतटीय संस्थापनाएं	संख्या	16	17
क्रॉस–कंट्री पाइपलाइनें	कि.मी.	7000	6892
अतिरिक्त ऑडिट पाइपलाइनें इंस्टालेशनें			
हाइड्रोकार्बन परिवहन के लिए जेट्टी पाइपलाइनें	संख्या	01	
पाइपलाइंस क्रूड फार्म्स	संख्या	01	
एस पी एम संस्थापनाएं	संख्या	02	

*पीसीएसए

ii) i o dehʼkfuax lqj{kk v,fMV¼ih lh , l ,½

सुरक्षित व उत्पादक पूंजीकरण सुनिश्चित करने और इसके द्वारा बड़े पैमाने पर जनता के लिए पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति करने के लिए ओआईएसडी तेल व गैस उद्योग में ग्रीनफील्ड परियोजनाओं का पूर्व कमीशनिंग सुरक्षा ऑडिट करता है। ये ऑडिट वहां आयोजित किए जाते हैं जहां ग्रीनफील्ड विस्तार और मौजूदा लोकेशनों पर मुख्य अतिरिक्त सुविधाएं भी स्थापित की जा रही हैं ताकि निर्माणावस्था पर ही ओआईएसडी मानकों के मुताबिक इन सुविधाओं का प्रारंभ से ही अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

2015–16 के दौरान उपयोक्ता उद्योग सदस्यों के अनुरोध पर इस प्रकार के 71 ऑडिट किए गए। इस संदर्भ में 11 पाइपलाइन इंस्टालेशनों को कवर करने वाली 567 कि मी लंबी पाइपलाइन का भी ऑडिट किया गया।

iii) v i r Vh; bLVkyʼkuks d fy, Þçpkyu dh lgefrß

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस (अपतटीय प्रचालनों में सुरक्षा),नियमावली,2008 के कार्यान्वयन की निगरानी रखने के लिए सक्षम प्राधिकरण के तौर पर ओआईएसडी ड्रिलिंग रिगों सहित अपतटीय इंस्टालेशनों में "प्रचालन की सहमति" प्रदान करता है। वर्ष 2015–16 के दौरान 76 ड्रिलिंग प्लेटफार्मों और – 09 ड्रिलिंग रिगों में "प्रचालन की सहमति" प्रदान की गई है।

iv) r duhdh lxkf"B;k@lEeyu@dk;ZʼkkykO

अद्यतन प्रौद्योगिकीय विकास पर चर्चा करने,घटना अनुभव साझा करने आदि के लिए तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय द्वारा तेल उद्योग के लिए तकनीकी संगोष्ठियां/सम्मेलन/कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। वर्ष 2015–16 के दौरान ओआईएसडी ने निम्नलिखित संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएं आयोजित कीं :

(i) 18–19 सितंबर, 2015 के दौरान चेन्नई में 'वैल कंट्रोल एवं वोर्कोवर परिचालन' विषय पर ओ एन जी सी के साथ संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई।

(ii) दिनांक 05 फरवरी 2016 को 'ए एस एम इ कोड्स तथा गुणवत्ता आश्वासन' विषय पर अमेरीकन सोसाइटी ऑफ मैकानिकल इंजीनीयर्स (एएसएमई) के साथ संयुक्त तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन नोएडा में किया गया ।

v) ^ry m|kx lqj{kk iqjLdkjk* d ek/;e l m|kx e lqj{kk fu"iknu dk çkRlkgu

उद्योग सदस्यों के सुरक्षा निष्पादन का वार्षिक मूल्यांकन विशेष रूप से विकसित कार्यप्रणाली द्वारा किया जाता है जिसमें जुडे खतरों, वर्ष के दौरान दर्ज की गई घटनाओं ओर इंस्टालेशन की सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को संज्ञान में लिया जाता है। वर्ष के दौरान असाधारण सुरक्षा निष्पादन हासिल करने वाले संगठनों को तेल उद्योग सुरक्षा पुरस्कारों से नवाजा जाता है। वर्ष 2013–14 के लिए प्राप्तकर्ताओं को 'तेल उद्योग सुरक्षा पुरस्कार' 04 अगस्त, 2015 को माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस द्वारा प्रदान किए गए।

माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के कर कमलो से तेल उद्योग सुरक्षा पुरस्कार ग्रहण करती हुई कुछ गौरवान्वित संस्थाएं

vi) vk vkbZ ,l Mh }kjk nks lqj{kk mi;ksxh laxzgksa dk ladyuA

तेल और गैस उद्योग में सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2015–16 में तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय ने दो अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उपयोगी संग्रह संकलित किए हैं । इन संग्रहों का विमोचन श्री धर्मेन्द्र प्रधान, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा किया गया। इनमें से एक संग्रह तेल और गैस से संबन्धित सभी स्थापनाओं यथा रिफाइनरियों और गैस संसाधन सयंत्रों, खोज एवं उत्पादन स्थापनाओं, विपणन प्रचालन स्थापनाओं, क्रॉस कंट्री पाइपलाइनों इत्यादि सभी में किए जाने वाले सुरक्षा ऑडिट के लिए 'सुरक्षा ऑडिट चेकलिस्ट' संकलित की गई हैं। दूसरे विमोचित संग्रह में 2004–15 की अवधि में तेल और गैस उद्योग में हुई बड़ी दुर्घटनाओं का विश्लेषण संकलित है। पुस्तिका में असफलता के मुख्य कारणों और साइट पर हुई बड़ी घटनाओं से प्राप्त सीखों को संकलित किया गया है।

'सुरक्षा ऑडिट चेकलिस्ट' नामक संकलन के नई दिल्ली में आयोजित तेल उद्योग सुरक्षा समारोह में विमोचन के अवसर पर माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पेट्रोलियम सचिव एवं संयुक्त सचिव (रिफाइनरी)

vii) lqj{kk ifj"kn

भारत में तेल व गैस उद्योग में सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के सही कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन शीर्षस्थ सुरक्षा परिषद स्थापित की। तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी) सुरक्षा परिषद की सहायता करता है,जिसके प्रमुख सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, अध्यक्ष के तौर पर कार्य करते हैं और सदस्य, स्टोकहोल्डर के संपूर्ण विस्तार–सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, निजी क्षेत्र और संयुक्त उद्यमों के साथ–साथ संबद्ध विशेषज्ञ निकाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। सुरक्षा निष्पादन की समीक्षा करने के लिए सुरक्षा परिषद वर्ष में एक बार मिलती है और 15 मार्च,2016 को परिषद की 32वीं बैठक हुई थी।

viii) lqj{kk ekudksa dk fodkl

ओआईएसडी सहभागिता प्रक्रिया के माध्यम से तेल व गैस क्षेत्र के लिए मानक मार्ग/निर्देश/अनुशंसित सिफारिशें विकसित करता है जिसमें सभी स्टोकहोल्डर (बड़े पैमाने पर जनता सहित) को शामिल किया जाता है, प्रतिनिधियों के अनुभवों का लाभ उठाते हुए अंतर राष्ट्रीय मानकों से जानकारी लेकर उन्हें भारतीय स्थितियों के मुताबिक अनुकूल बनाया जाता है। इन मानकों में इनबिल्ट डिजाइन सुरक्षा,परिसंपत्ति विश्वसनीयता और पेट्रोलियम के उत्पादन, प्रोसेसिंग,भंडारण व परिवहन के क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रचालन पद्धतियां शामिल हैं। आज की तारीख तक तेल उद्योग के लिए ओआईएसडी ने 120 तकनीकी सुरक्षा मानक विकसित किए हैं। इनमें 11 मानकों को पेट्रोलियम नियमावली और गैस सिलेंडर नियमावली के सांविधिक प्रावधानों में शामिल भी कर लिया गया है।

वर्ष 2015–16 के दौरान ओआईएसडी ने 2 नए मानक बनाए हैं और मौजूदा मानकों में 8 मानकों को संशोधित किया है। इस समय चार नए मानक तैयार किए जा रहे हैं और मौजूदा ओआईएसडी मानकों के छह अन्य मानक संशोधन के लिए हाथ में लिए गए हैं।

ix) ?kVuk tkp o fo'y"k.k

ओआईएसडी दुर्घटना के मूल कारण का विश्लेषण करने के लिए मुख्य घटनाओं (गंभीरता/क्षति के आधार पर) की जांच के साथ–साथ जांच में भाग लेता है। तेल उद्योग की घटनाओं का एक डेटा बैंक बनाकर रखा जाता है और रुझानों,सरोकार के क्षेत्रों और सुधारात्मक कार्रवाई का मूल्यांकन करने के लिए विश्लेषण किया जाता है। इन्हें उसी समय सुरक्षा अलर्टों,परामर्शी नोटों,कार्यशालाओं,प्रशिक्षण कार्यक्रमों,वैबसाइट लिंकों आदि के माध्यम से उद्योग को प्रसारित किया जाता है। 2015 –16 के दौरान ओआईएसडी द्वारा 16 बड़ी घटनाओं की जांच की गई।

x) vU; egRoi.k fØ;kdyki

çeq[k cnjxkgk dh v,;y fLiy fjLikl ¼vk, lvkj½ {kerk vkj vfXu&'keu ç.kkyh dk vkdyu dju d fy, vkvkb, lMh v,fMV

देश के तेल और गैस स्थापनाओं की सुरक्षा ऑडिट के अतिरिक्त ओआईएसडी से देश के बारह प्रमुख बंदरगाहों की स्वतंत्र ऑडिट का अनुरोध किया गया। इन ऑडिटों का मुख्य उद्देश्य इन बंदरगाहों की ऑयल स्पिल रिस्पांस (ओएसआर) क्षमता और अग्नि–शमन प्रणाली का आकलन करना था। ओआईएसडी ने इस उद्देश्य से विशेष ऑडिट किए और जहाजरानी मंत्रालय (पोर्ट्स विंग), भारत सरकार, को ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की।

iVkfy;e çpkyuk d fy, lkbV iuLFkkiu lc/kh fn'kk&fun'k

पेट्रोलियम प्रचालनों के लिए साइट पुर्नस्थापन संबंधी दिशा–निर्देश विकसित करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा गठित समिति में ओआईएसडी एक प्रमुख सदस्य था। ओआईएसडी ने उपर्युक्त दिशा–निर्देश निर्धारण में परमानेंट वेल एबंडनमेंट और अपतटीय संरचनाओं को हटाने संबंधी अपेक्षाओं से जुड़े खंडों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। पेट्रोलियम गतिविधियों के समापन के उपरांत देश में सभी प्रचालकों के लिए उपर्युक्त दिशा–निर्देशों में विहित एबंडनमेंट और साइट पुनर्स्थापन पद्धतियों का अनुपालन वैधानिक बाध्यता हो जाएगी।

iVkfy;e ,o çk—frd xl m|kx d fy, lj{kk fu;ked

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की स्थायी संसदीय समिति और बिभिन्न विशेषज्ञ समितियों की सिफारिशों के अनुरूप ओआईएसडी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सेफ्टी बोर्ड बिल का मसौदा तैयार किया है। बिल का उद्देश्य देश में समस्त पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस उद्योग में सुरक्षा संबंधी विनियमों को एक छत्र के नीचे लाने वाला संगठन बनाना है।

बिल के पास होने पर देश में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस उद्योग में सुरक्षा संबंधी वैधानिक तंत्र के विखंडन से बचा जा सकेगा और इस उद्योग की सुरक्षा संबंधी मामलों को देखने के लिए तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओ आई एस डी) विधि द्वारा स्थापित एकमात्र एजेंसी होगी। बिल सचिवों की समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया जा चुका है। वर्तमान में बिल सचिवों की समिति के विचाराधीन है।

,ech yky lfefr dh flQkfj'kk dk ekuhVj.k

समस्त तेल और गैस क्षेत्र में एम बी लाल समिति की सिफारिशों एवं ओआईएसडी–116 एवं 117 के अनुपालन की ओआईएसडी तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सघन मानीटरण और समीक्षा की जा रही है। इस प्रकार की नियमित समीक्षा बैठकों के परिणाम–स्वरूप सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण मदों को लागू करने की गति में महत्वपूर्ण तेजी आई है। उद्योग में लगभग 99% सिफारिशों का अनुपालन हो रहा है और शेष मदों का कार्यान्वयन उन्नत चरणों में हैं।

4.5 isVªksfy;e ;kstuk vkSj fo'ys"k.k çdks"B ¼ihih,lh½

पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) की संरचना दिनांक 1 अप्रैल, 2002 को पेट्रोलियम क्षेत्र में निर्देशित मूल्य निर्धारण व्यवस्था (एपीएम) के समापन के उपरांत, तेल समन्वय समिति को भंग कर दिया गया और दिनांक 1 अप्रैल 2002 से पेट्रोलिमय और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय के रुप में सरकार को निम्न लिखित कार्यों के लिए सहायता प्रदान करने हेतु एक नए प्रकोष्ठ पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) का गठन किया गया:

(क) पीडीएस केरोसीन एवं घरेलु एलपीजी पर सब्सिडी और दूर–दराज के क्षेत्रों के लिए भाड़ा सब्सिडी की प्रबंध व्यवस्था

(ख) आपातकालीन एवं अप्रत्याशित स्थितियों से मुकाबला करने के लिए सूचना डेटा बैंक और संचार प्रणाली का अनुरक्षण

(ग) अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार और घरेलु कीमतों में प्रवृत्तियों का विश्लेषण

(घ) पेट्रोलियम आयातों और निर्यातों की प्रवृत्तियों का पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन

(ङ) क्षेत्र विशेष अधिभार योजनाओं का संचालन, यदि कोई हों ।

वर्ष के दौरान, तेउविबो द्वारा पीपीएसी के व्यय की पूर्ति हेतु 17.77 करोड़ रुपए का अनुदान जारी किया गया। पीपीएसी के अनुसार, वर्ष के दौरान के दौरान पूर्ण की गई मुख्य: गतिविधियां :

I) rsy foi.ku daifu;ksa dks lfCIMh ,oa MhchVh,y nkoksa dk fuiVku

1 अप्रैल 2015 से, पीडीएस केरोसीन एवं घरेलु एलपीजी सब्सिडी योजना, 2002 और दूर–दराज के क्षेत्रों के लिए भाड़ा सब्सिडी के अधीन चालू वित्त वर्ष में अब उपलब्ध नहीं है । तथापि, मुख्य् सब्सिडी एवं भाड़ा सब्सिडी योजनाओं के अधीन रुपये 3296.18 करोड़ और रुपये 0.59 करोड़ की राशि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बजट के अभाव में तेल विपणन कंपनियों को वितरण के लिए लंबित है ।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2015–16 के लिए रुपये 16056 करोड़ के एलपीएफ (डीबीटीएल) दावे के प्रत्यक्ष लाभ अंतरण संसाधित किए गए हैं । इसमें से रुपये 10515 करोड़ तेल विपणन कंपनियों को वितरित कर दिए गए हैं । बजटीय निधि के अभाव में, बकाया लंबित रह गया है ।

ii) iwoksZÙkj xSl lfCIMh nkoksa dk fuiVku

वर्ष 2015–16 के दौरान, पीपीएसी द्वारा संसाधित दावों पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर प्राकृतिक गैस पर सब्सिडी के रुप में 660 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया ।

iii) rsy foi.ku daifu;ksa dks vaMj fjdojh ds nkoksa dk fuiVku

वर्ष 2015–16 के दौरान, पीडीएस केरोसीन एवं सब्सिडाइज्ड् घरेलु एलपीजी (नॉन डीबीटीएल) पर रुपये 11515 करोड़ के कुल अंडर रिकवरी दावों की छानबीन की गई और उसके मुआवजे की क्रियाविधि पीपीएसी द्वारा तैयार की गई थी । बोझ सांझा करने की क्रियाविधि के तहत, कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों पर छूट के रुप में पीएसयू अपस्ट्रीम कंपनियों द्वारा रुपये 1251 करोड़ रुपये का योगदान दिया गया और सरकार द्वारा नकद सहायता के रुप में 10245 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई । रुपये 18 करोड़ की बची हुई अंडर रिकवरी को तेल विपणन कंपनियों द्वारा अवशोषित कर लिया गया था ।

iv) ?kjsyw çk—frd xSl ewY; vf/klwpuk

प्राकृतिक गैस की कीमतों के समय–समय पर हुए संशोधन को अधिसूचित करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने महानिदेशक, पीपीएसी को अधिकृत किया है । तदनुसार, अक्टूबर 2015 से मार्च 2016 और अप्रैल 2016 से सितंबर 2016 की अवधि के लिए पीपीएसी द्वारा प्राकृतिक गैस की कीमत अधिसूचित की गई थी।

v) xSl ewY; lhek vf/klwpuk

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मार्च, 2016 में गहरे पानी, अत्यधिक गहरे पानी और उच्च दवाब–उच्च तापमान क्षेत्रों में खोजों से उत्पादित गैस के लिए वैकल्पिक ईंधन लदान मूल्य के सीमा आधार पर मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता सहित विपणन स्वतंत्रता की अनुमति दी थी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उक्त अधिसूचना के तहत, महानिदेशक, पीपीएसी को गैस की कीमतों की सीमा के सामयिक संशोधन को अधिसूचित करने के लिए अधिकृत किया है । तदनुसार, वर्ष 2015–16 के दौरान, अप्रैल 2016 से सितंबर 2016 की अवधि के लिए पीपीएसी द्वारा गैस की कीमत अधिसूचित की गई थी ।

vi) ,d {ks= esa rsy laLFkkuksa dh vf/kd la[;k gksus ds dkj.k Hkkjr dh vlqj{kk ij vkrfjd v/;;u A

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तेल और गैस सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। समझौता ज्ञापन के तहत, भारत के लिए एक आपातकालीन प्रतिक्रिया आकलन (ईआरए) आईईए द्वारा आयोजित किया गया था। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को आईईए द्वारा प्रस्तुत अंतिम ईआरए रिपोर्ट में आईईए ने सिफारिश की थी कि भारत को एक क्षेत्र में तेल संस्थानों की अधिक संख्या होने के कारण अपनी असुरक्षा पर एक अध्ययन करना चाहिए । पीपीएसी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देश पर आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईएसपीआरएल, ओएनजीसी, ओआईएल और एस्सार आदि जैसे विभिन्न शेयरधारकों से प्राप्त प्रासंगिक डेटा तथा अपने आंतरिक डेटाबेस का उपयोग करते हुए एक अध्ययन किया । मसौदा रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

vii) vxys rhu lkyksa esa laiw.kZ vkiwfrZ J`[kyk jln dks /;ku esa j[krs gq, jlksbZ xSl fuos'k lq/kkj ds fy, ,d O;kid ekLVj Iyku rS;kj djuk A

अगले तीन साल में संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला रसद को ध्यान में रखते हुए रसोई गैस निवेश सुधार के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार करने में सहयोग के लिए एक बाहरी एजेंसी को काम पर लगाने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीपीएसी को निर्देश दिया । तदनुसार, पीपीएसी ने एक बाहरी एजेंसी को काम पर लगाया जो व्यापक हितधारकों के विचार–विमर्ष के बाद मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत की । रिपोर्ट समीक्षाधीन है । रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ–साथ कम एलपीजी पैंठ वाले 13 राज्यों के 120 जिलों में फैले 1,03,000 असंबद्ध परिवारों (अर्थात वे परिवार जिनके पास रसोई गैस कनेक्शन नहीं है) हेतु किए गए प्राथमिक सर्वेक्षण के निष्कर्षों को भी शामिल किया गया है । सर्वेक्षण में इन 120 जिलों के 1418 ग्राम पंचायतों को भी शामिल किया गया है। सर्वेक्षण में खाना पकाने के ईंधन के रूप में एलपीजी का उपयोग करने में उक्त दर्शाए 13 राज्यों में असंबद्ध परिवारों की धारणाओं एवं अपेक्षाओं को लिया गया है।

एनएसएसओ सर्वेक्षण के 68वें दौर के डेटा के सर्वेक्षण करते हुए, यह ज्ञात हुआ कि कुल कैरोसीन खपत का 76.8% देहाती क्षेत्रों में है और पीडीएस केरोसीन की 51.3% खपत एएवाई एवं बीपीएल कार्डधारकों द्वारा हुई है। डेटा यह भी दर्शाते हैं कि उपयोग में लाया गया 75.5% केरोसीन पीडीएस स्रोतों से प्राप्त किया गया था। अध्ययन रिपोर्ट मंत्रालय को जुलाई 2014 में प्रस्तुत की गई थी।

viii) iVªksfy;e mRiknksa ds vk;kr dh fu;fer leh{kk ds rU= dks lLFkkxr :Ik nsukA

वाणिज्य मंत्रालय ने विश्व व्यापार संगठन में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के भीतर गौण आयात को युक्तिसंगत बनाने के लिए उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उत्पादों के आयात की नियमित रूप से समीक्षा के लिए एक तंत्र को संस्थागत रूप देने के लिए संबद्ध विभागों/मंत्रालयों को सलाह दी थी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने नवम्बर, 2014 में पीपीएसी से अनुरोध किया कि वह कच्चे तेल और पेटोलियम उत्पादों के आयात की समीक्षा के लिए प्रस्तावित तंत्र पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे। हितधारको से जानकारी लेकर पीपीएसी ने मामले की जॉच की और पेट्रोलियम उत्पादों के आयात के लिए एक समीक्षा तंत्र प्रस्तावित किया।

अध्याय–4

वित्तीय सहायता : अनुसंधान और विकास तथा अन्य अनुदान

1. तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 की धारा 6 में अन्य बातों के साथ – साथ यह प्रावधान किया गया है कि तेल उद्योग के लिए उपयोगी वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान को बोर्ड द्वारा सहायता प्रदान की जा सकती है । हाइड्रोकार्बन विज़न 2025 में भी परिकल्पना की गई है कि तेल उद्योग विकास बोर्ड उपकर व अन्य नवीन संसाधन जुटाने के दृष्टिकोण के माध्यम से गैर–अन्वेषित/आंशिक रूप से अन्वेषित रकबों के मूल्यांकन के लिए पर्याप्त संसाधनों को उपलब्ध कराया जा सकता है ।

2. viLVªhe {k=

अपस्ट्रीम क्षेत्र को तेउविबो द्वारा सहायता अनुदान के संबंध में तेउवि बोर्ड ने दिनांक 27.03.2014 को आयोजित अपनी 76वीं बैठक में निर्णय लिया कि ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित अनुसंधान एवं विकास परियोजना/परियोजनाओं की पहचान करने और जांच करने और तेउविबो द्वारा उनके कार्यान्वयन हेतु अनुदान के रूप में निधियां प्रदान करने के लिए के लिए महानिदेशक, डीजीएच की अध्यक्षता में तथा तेउविबो के अध्यक्ष द्वारा नामित किए गए अन्य सदस्यों को शामिल करते हुए एक समिति गठित की जा सकती है। तद्नुसार, एक समिति का गठन तेउविबो के अनुदानों की उपयोगिता के संदर्भ में निम्नानुसार किया गया : –

महानिदेशक, डीजीएच	अध्यक्ष
सचिव, तेउविबो	सदस्य
निदेशक (अन्वेषण), ओएनजीसी	सदस्य
निदेशक–आईआईपी, देहरादून	सदस्य
निदेशक (आर एंड डी) – आईओसीएल	सदस्य
निदेशक (तकनीकी) – ई आई एल	सदस्य
महानिदेशक–पेट्रोफेड	सदस्य

महानिदेशक, डीजीएच की अध्यक्षता में गठित समिति, जिसमें सचिव, तेउविबो, निदेशक (अन्वेषण) – ओएनजीसी, निदेशक – आईआईपी, देहरादून, निदेशक (अनुसंधान और विकास) – आईओसीएल, निदेशक (तकनीकी) – ईआईएल तथा महानिदेशक – पेट्रोफेड अथवा उनके नामांकित व्यक्ति शामिल हैं उनके द्वारा प्रथम अवलोकन के अंतर्गत इन परियोजनाओं का निरीक्षण करती है और अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करती है । समिति की सिफारिशें तेउवि बोर्ड को निर्णय लेने के लिए प्रस्तुत की जाती हैं । वे परियोजनाएं जिन्हें तेउवि बोर्ड द्वारा 25 लाख रुपए से अधिक परिव्यय के साथ अनुमोदित किया जाता है उन्हें तेउवि बोर्ड के नियम 24 (i)(ii) की शर्तों पर अनुदान जारी करने से पूर्व केंद्रीय सरकार को प्रेषित किया जाता है । स्थापना के समय से, तेउवि बोर्ड/केंद्रीय सरकार द्वारा अब तक 120 से अधिक परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है । इनमें से अधिकांश परियोजनाओं के कार्य संपन्न हो चुके हैं और उन्होंने तेल उत्पादन, प्रौद्योगिकीय उन्नयन तथा अन्वेषण के नए क्षेत्रों की पहचान के रूप में तेल उद्योग के लिए अत्याधिक लाभ अर्जित किए हैं ।

2.1 ifj;kstukvksa dh iqujh{kk

तेउवि बोर्ड द्वारा महानिदेशक, डीजीएच की अध्यक्षता में गठित समिति, जिसमें सचिव, तेउविबो, निदेशक (अन्वेषण) – ओएनजीसी, निदेशक – आईआईपी, देहरादून, निदेशक (अनुसंधान और विकास) – आईओसीएल, निदेशक (तकनीकी) – ईआईएल तथा महानिदेशक – पेट्रोफेड अथवा उनके नामांकित व्यक्ति शामिल हैं, समय–समय अपस्ट्रीम क्षेत्र में तेउवि बोर्ड द्वारा पोषित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करती है । उपसमिति द्वारा दी गई सिफारिशें तेउविबो के समक्ष विचारार्थ तथा जहां आवश्यक हो परियोजनाओं का कार्यान्वयन अधिक कुशलतापूर्वक किए जाने हेतु उचित दिशा–निर्देश देने के लिए प्रस्तुत की जाती हैं ।

2.2 viLVªhe {k= ds vUrxZr vuqla/kku vkSj fodkl ifj;kstuk,a & 1-05 djksM+ #i, dk vuqnku

एनजीएचपी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा संचालित तथा हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा तकनीकी रूप से संचालित, राष्ट्रीय अन्वेषण और उत्पादन कंपनियों नामतः ओएनजीसी, गेल इंडिया लिमिटेड

तथा ऑयल इंडिया लिमिटेड, तथा राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान नामतः नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी (एनआईओ), नेशनल ज्योफिज़िकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनजीआरआई) तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी) का एक परिसंघ है ।

राष्ट्रीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम अभियान – 01 ने सफलतापूर्वक कृष्णा गोदावरी, महानदी और अंडमान बेसिनों में गैस हाइड्रेट की उपस्थिति को सुनिश्चित किया है । इसने भारतीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम को वैश्विक स्तर पर स्थान दिलाया है । इन खोजों ने देश के साथ–साथ विदेशों में भी गैस हाइड्रेट के व्यापक और गहन अनुसंधान को प्रेरणा प्रदान की है । अध्ययनों के परिणामस्वरूप बडी संख्या में प्रकाशन तथा वैज्ञानिक डेटा भी सामने आए हैं । जैसा कि गैस हाइड्रेट अभी भी वैश्विक अनुसंधान स्तर पर है और किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक उत्पादन समुद्रीय गैस हाइड्रेट्स से सिद्ध नहीं किया गया है, इन आंकडों तथा प्रकाशनों का गैस हाइड्रेट के क्षेत्र के आगामी अनुसंधानों में अत्याधिक महत्व है ।

वैज्ञानिक अनुसंधान संस्करण परियोजना की परिकल्पना में, सभी अनुसंधानों तथा वैज्ञानिक जांचों को एक एकल मॉड्यूल में सम्मेलित करने की अभिच्छा है जिससे अनुसंधानकर्ता देश में गैस हाइड्रेट के क्षेत्र में किए जा रहे वैज्ञानिक अध्ययनों की प्रगति को पूर्ण रूप से समझने में सक्षम हो सकें । वैज्ञानिक अनुसंधान संस्करण का विचार, भावी वैज्ञानिकों के आगामी शोध तथा अध्ययन को बढावा देने का है । राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय ऐजेंसियों के माध्यम से एनजीएचपी अभियान–01 के दौरान बडी मात्रा में उत्पन्न डेटा एनजीएचपी के भावी कार्यक्रमों के लिए भी आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे ।

3. MkmuLVªhe {ks=

मंत्रालय द्वारा हाइड्रोकार्बन पर गठित वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी), डाउनस्ट्रीम सैक्टर से संबंधित परियोजनाओं पर विचार कर अपनी संस्तुतियां प्रदान करती है । ये परियोजनाएं मुख्यतः सीएचटी के माध्यम से वित्त पोषित की जाती हैं । वैज्ञानिक सलाहकार समिति का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य तेल उद्योग क्षेत्रों से संबंद्ध महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं । इस समिति का कार्यकाल दो वर्षों का होता है जिसके पश्चात इसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा पुनर्गठित किया जाता है । हाइड्रोकार्बन के लिए गठित वैज्ञानिक सलाहकार समिति अपनी बैठकों में डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों की अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा करती है ।

MkmuLVªhe {ks= ds varxZr vuqla/kku vkSj fodkl ifj;kstuk,¡ & oSKkfud lykgdkj lfefr ¼,l,lh½

सीएचटी हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए अनुसंधान परियोजनाओं को अभिज्ञात करने और वित्त पोषण करने में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हाइड्रोकार्बन संबंधी वैज्ञानिक सलाहकार समिति के कार्यकलापों का समन्वय करता है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की हाइड्रोकार्बन संबंधी वैज्ञानिक सलाहकार समिति (एसएसी) की 73वीं बैठक हैदराबाद में 7 अक्टूबर 2013 को आयोजित की गई थी । सीएचटी/ओआईडीबी द्वारा निम्नलिखित अनुसंधान एवं विकास परियोजना प्रस्तावों की संशोधन उपरांत समीक्षा की गई और उन्हें अनुमोदित किया गया :

(i) बिट्स पिलानी, गोवा कैम्पस, गोवा की पेट्रोलियम रिफाइनरी प्रणालियों में कोक उपशमन पर प्रायोगिक और उत्प्रेरण अध्ययन।

(ii) बीपीसीएल – अनुसंधान एवं विकास द्वारा तापीय द्रव्यों तथा अन्य अनुप्रयोगों के लिए बाईफिनाइल के स्वदेशी उत्पादन हेतु प्रक्रियात्मक जानकारी का विकास ।

इसके अलावा, वित्त पोषण हेतु निम्नलिखित नये परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा की गई और उन्हें अनुमोदित किया गया :

(i) बीपीसीएल– अनुसंधान एवं विकास तथा ईआईएल– अनुसंधान एवं विकास का ''डीसाल्टर डिजाइन हेतु पैरामीटिक अध्ययन और प्रौद्योगिकी विकास'' ।

(ii) आईआईसीटी, हैदराबाद के ''3 बीआरडी, चंडीगढ़ में भारतीय वायु सेना द्वारा टीवी 2 एरो इंजन पर स्वदेशी रूप से जमीनी व उड़ान के दौरान विकसित एसएएल तथा जांच सहित सिंथेटिक विमानन लूब्रिकेट्स–चरण–।।''

एसएसी ने हाइड्रोजन कॉर्पस निधि (एचसीएफ) के अन्तर्गत निम्नलिखित वित्त–पोषित हाइड्रोजन परियोजनाओं को पूर्ण करने के पश्चात इसके परिणामों पर भी विचार विमर्श किया ।

(i) एचपीसीएल तथा आईआईटी, दिल्ली द्वारा ''कैटेलेटिक अपघटन द्वारा प्राकृतिक गैस (मिथेन) से हाइड्रोजन का उत्पादन''।

(ii) एचपीसीएल तथा गीतम विश्वविद्यालय, विशाख के ''हाइड्रोजन के भण्डारण के लिए धातु–आर्गेनिक ढांचागत सामग्रियों का डिजाइन और निर्माण'' ।

4 rduhdh lLFkkuk@lh,lvkbvkj i;kx'kkykvk dk Lkgk;rk

तेल उद्योग विकास बोर्ड, शैक्षणिक संस्थाओं के साथ–साथ प्रशिक्षण एवं अनुसंधानों यथा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई, राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी) इत्यादि को मूलभूत सुविधाओं को स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान करता है ताकि ये संस्थान तेल उद्योग के विकास के लिए अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम चला सकें।

वर्ष 2015–16 के दौरान भारत सरकार/तेउविबो द्वारा प्रायोजित अनुदान/योजनाओं पर निम्नलिखित व्यय किया है : –

¼djkM :i;s e½

Øe l[;k lLFkkuk dk uke	jkf'k
¼d½ vuqlaa/kku ,oa fodkl vuqnku	
1. राष्ट्रीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम (एनजीएचपी चरण – ।।)	1.05
2. इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (अनु0एवं वि0)	38.50
dqy	39-55
¼[k½ rduhdh@Hkkjr ljdkj }kjk iz;kstr ;kstuk,@ifj;kstuk,	
3. राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआईपीटी), रायबरेली	20.64
dqy	20-64

4.1 jk"Vªh; xSl gkbMsªV dk;Øe ¼,uth,pih½

राष्ट्रीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम (एनजीएचपी) का संचालन पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा और समन्वयन हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) द्वारा किया जा रहा है। एनजीएचपी राष्ट्रीय ई एंड पी कंपनियां नामतः ओएनजीसी, गेल, आयॅल इंडिया लिमिटेड, आईओसी और राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों जैसे एनआईओ एनआईओटी और एनजीआरआई का एक संघ है। ओएनजीसी द्वारा 1988 से 2003 की अवधि के दौरान कृष्णा गोदावरी बेसिन (अपतट)काबेरी बेसिन (अपतट)मन्नार की खाडी और पश्चिमी अपतट के डाटा का अध्ययन गैस हाइड्रेट संभाव्यता के आकलन हेतु किया गया था। इन अध्ययनों ने एनजीएचपी–0। के कार्यक्रम के निरूपण में तकनीकी सहायता मुहैया करवायी, जिसमें 21 स्थलों पर वर्ष 2006 में शिप जोइडेस रेजोल्यूशन का उपयोग करके भारतीय अपतट में ड्रिल/कोर किया गया था । भविष्य में गैस हाइड्रेट एक उर्जा स्रोत के रूप में काफी वैश्विक रूचि उत्पन्न कर रहा है। अमेरिका जापान, कोरिया, चीन जैसे देशों ने इस दिशा में काफी प्रगति की है। भारत ने यह यात्रा वर्ष 1997 में राष्ट्रीय गैस हाइड्रेट कार्यक्रम (एनजीएचपी) के गठन से आरंभ की थी। भारत ने वर्ष 2006 में एनजीएचपी अभियान–0। पूरा किया और भारत के पूर्वी तट में केजी, महानदी और अण्डमान बेसिनों में गैस हाइड्रेट की मौजूदगी सुनिश्चित की।

एनजीएचपी की संचालन समिति ने 7 अक्टूबर, 2013 को हुई 15वीं बैठक में एनजीएचपी अभियान–02 के निष्पादन को अनुमोदित किया था। एनजीएचपी अभियान–02 वर्तमान में निष्पादन के अधीन है और इसमें

एलडब्ल्यूडी / एमडब्ल्यूडी(ड्रिलिंग के दौरान लॉगिंग / ड्रिलिंग के दौरान मापन) परम्परागत कोरिंग / दबाव कोरिंग, वायरलाइन लॉगिंग, उर्ध्वाधर भूकंपीय प्रोफाइलिंग (वीएसपी) और मॉड्यूलर डायनामिक परीक्षण (एमडीटी) प्रचालनों को केजी और महानदी गहरे अपतटीय क्षेत्रों में गैस हाइड्रेट स्थिरता क्षेत्र के भीतर रेत बहुलता वाले निक्षेपण तंत्रों की पहचान के उद्देश्य से किया जाना शामिल है। एनजीएचपी अभियान–02 की लागत को ओआईडीबी(50 प्रतिशत) ओएनजीसी (20 प्रतिशत), ओआईएल (10 प्रतिशत) गेल (10 प्रतिशत) आईओसीएल (10 प्रतिशत) द्वारा साझा किया जाएगा । फील्ड और प्रयोगशाला अध्ययनों का एकीकरण और पायलट उत्पादन परीक्षण एनजीएचपी अभियान–03 के दौरान किया जायेगा।

एनजीएचपी के सदस्य संगठनों ने कृष्णा गोदावरी बेसिन और महानदी बेसिन में कुल 87 स्थलों का प्रस्ताव किया था। इनकी समीक्षा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक दल द्वारा की गई थी। समीक्षा के आधार पर लगभग 34 प्राथमिक ओर वैकल्पिक लक्ष्यों को चिन्हित किया गया था। ये लक्ष्य पूर्वी तट के साथ–साथ उत्तर से दक्षिण की ओर सभी चार भौगोलिक क्षेत्रों नामतः महानदी बेसिन में 'ए', कृष्णा–गोदावरी बेसिन में 'बी', 'सी' और 'ई' में आते हैं।

ओआईडीबी द्वारा सीधे वित्त–पोषण के अधीन होने वाली दो एनजीएचपी अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को अनुमोदित किया जा चुका है और निष्पादक संगठनों को निधियां जारी किए जाने हेतु औपचारिकताएं अग्रिम चरण में हैं।

,pth,pih d vrxr vuql/kku ifj;ktuk,¡

ऊष्मा हस्तांतरण पर सैद्धांतिक पृष्ठभूमि को सुदृढ़ करने के लिए ओएनजीसी–आईआईटी खडगपुर द्वारा एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना की गई। परियोजना के परिणाम काफी महत्वपूर्ण थे जैसाकि यह पता चला कि उष्मा हस्तांतरण दरें काफी कम थी और इसलिए तापीय स्टीमूलेशन द्वारा अंतिम उत्पादन दर काफी कम होगी। परिणाम की उपलब्धि महत्वपूर्ण है क्योंकि यह डीप्रेशराइजिंग (अदबावीय) तथा सीक्वेसट्रेशन (प्रच्छादन) जैसी अन्य तकनीकों के महत्व को दर्शाती है।

एनजीआरआई ने एनजीएचपी के अंतर्गत एक अनुसंधान परियोजना में प्रयोगशाला में गैस हाइड्रेट के संश्लेषण और रमन माइक्रोफोन का उपयोग करते हुए आधारभूत विशेषताओं का अध्ययन करने संबंधी प्रयोगात्मक अध्ययनों को सफलतापूर्वक पूरा कर कोर दक्षता विकास को प्रदर्शित किया है।

,pth,pih vfHk;ku&03

अभियान–03 में भारतीय गहरे–जल परिवेश में कम से कम एक स्थल पर पायलट उत्पादन परीक्षण किए जाने का लक्ष्य एनजीएचपी अभियान–02 की सफलता पर निर्भर करेगा।

1. जबकि 2 मुख्यतः कोर होल्स के परिणाम, भण्डारों की उपस्थिति प्रमाणित नहीं कर सके और अधिक कोर होल्स ड्रिल नहीं किए जाने चाहिए।

2. कुओं की ड्रिलिंग से यह सुनिश्चित होता है कि जिन्हें लिग्नाईट समझ कर चिन्हित किया गया था वो वास्तव में लिग्नाइट नहीं है।

वर्ष के दौरान तेउविबो ने 0.83 करोड़ रूपये इस परियोजना के लिए जारी किए।

4.2 bfM;u vk;y dkikj'ku fyfeVM ¼vuql/kku ,o fodkl½

INDApeptG प्रौद्योगिकी परियोजना के लिए वर्ष 2015–16 के दौरान तेल उद्योग विकास बोर्ड ने 38.50 करोड रूपये का अनुदान दिया। INDApeptG प्रौद्योगिकी क्रेकड गैसोलीन फीडस्टॉक के डी–सल्फरराईजेशन के लिए इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी है। यह प्रौद्योगिकी न्यूनतम हाइड्रोजन खपत तथा आक्टेन क्षय के सल्फर मानकों के साथ क्रेक गेसोलीन के सघन डी–सल्फराईजेरेशन के लिए अभिष्ट है। यह प्रौद्योगिकी स्व–विकसित अधिशोषक है, जो गेसौलीन में से सल्फर को अनुकूलतम संचलन स्थिति में एक द्वितीय कियाशील अवशोषण प्रक्रिया द्वारा हटा देता है। यह प्रकिया प्रचालन वाले दो दोलायमान स्थिर तल–रिएक्टरों में

होती है। जिसमें से एक अवशोषण प्रकार है और दूसरा संपोषण प्रकार का। जहॉं तक प्रौद्योगिकी का प्रश्न है यह एक अद्वितीय ईकाई है और इसका संयुक्त रूप से ईआईएल के साथ लाइसेंस प्राप्त किया जा रहा है। गुहावटी रिफाइनरी में 3500 टीपीए की एक प्रदर्शन ईकाई सितम्बर 2016 में आरंभ होने की संभावना है। परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 125 करोड़ है इसमें से तेउविबो द्वारा 88.5 करोड़ रूपये का वित्त पोषण अनुदान के रूप में और शेष आईओसीएल द्वारा वित्त पोषित किए जा रहे हैं। ईकाई की संरचना 50 पीपीएम से कम सल्फर वाले भारी गैसोलिन उत्पाद उत्पन्न करने के लिए की गई।

4.3 jkthoxk/kh iVªksfy;e çkS|ksfxdh lLFkku] jk;cjsyh

राजीव गॉंधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान (आरजीआइपीटी) की स्थापना संसद के अधिनियम (2007 का अधिनियम 54) के अंतर्गत की गई । यह संस्थान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है और इस संस्थान के परिसर का निर्माण कार्य भारत सरकार द्वारा बजटीय सहायता से तथा तेउविबो के अनुदान द्वारा किया जा रहा है । इस संस्थान के आवर्ती व्ययों की पूर्ति छात्रों से मिलने वाली फीस के संग्रहण के अलावा मुख्य तेल कंपनियों (ओएनजीसी, आईओसीएल, ओआईएल. गेल, बीपीसीएल तथा एचपीसीएल) के योगदान द्वारा संचित निधि से प्राप्त ब्याज की आय द्वारा की जाती है ।

आरजीआईपीटी के उद्देश्य पेट्रोलियम क्षेत्र में तकनीकी तथा प्रबंधकीय प्रतिभा की कमी को पूरा करने के लिए एक शैक्षणिक तथा प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना करना है । संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियां वर्ष 2008 से रायबरेली तथा नोएडा के अस्थाई परिसरों में आयोजित की जा रही हैं । वर्तमान में आरजीआईपीटी द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं:–

क. कैमिकल इंजीनियरिंग में बी टैक

ख. पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एम टैक

ग. पेट्रोलियम एवं ऊर्जा प्रबंधन में एम बी ए

घ. पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में पीएचडी (2012 से आरंभ)

ङ. प्रबंधन में पीएचडी (2016 से आरंभ)

च. फिलहाल 7 एमबीए के बैच, 5 बीटैक और एम टैक बैच के छात्रों ने आरजीआईपीटी से स्नातक उपाधि प्राप्त की है।

e[; 'kSf{kd dSEil t;kl] ftyk vesBh

जयास परिसर का उद्घाटन 22 अक्टूबर 2016 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा किया गया। परिसर का निर्माण जयास, जिला अमेठी (उत्तरप्रदेश) में 47 एकड जमीन पर किया गया। परिसर की परियोजना लागत 519.10 करोड़ रुपए है परिसर का निर्माण क्षेत्र 9 लाख वर्ग फुट है और ग्रीन रेटिंग फार इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेंसमेंट (गृह) की आवश्यकताओं को देखते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सुसज्जित किया गया है।

प्रथम चरण में संकाय/स्टाफ आवास, छात्रों के लिए छात्रावास, डाइनिंग हाल, व्यायामशाला, दुकानें, बैठक कक्ष, कैफेटेरिया, इंडोर खेल, पुस्तकालय, कम्प्यूटर केन्द्र में 1000 से अधिक छात्रों को समायोजित करने जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। एक प्रशासनिक ब्लॉक (अध्यक्ष, निदेशक और उपनिदेशक का कक्ष, बोर्ड रूम, रजिस्ट्रार डीन और अन्य कर्मचारियों के लिए केबिन) कक्षाओं के लिए दो शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाएं, सम्मेलन कक्ष, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए कमरे हैं। व्याख्यान कक्ष (विवेकानंद सभागर) में 450 छात्रों के बैठने की क्षमता है। उपरोक्त के अतिरिक्त अतिथि छात्रावास, एक सम्मेलन कक्ष, स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र और घर की दुकानों के लिए वाणिज्यिक परिसर, डाकघर, बैंक और उपयोगिता भवन (सबस्टेशन और संयंत्र रूम) की सुविधाएं हैं।

v l e dUn & f t yk f lok lkxj ¼v l e½

आरजीआईपीटी के असम केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य पेट्रोलियम क्षेत्र के लिए कुशल मैनपावर की कमी को पूरा करना था। इस शैक्षणिक केन्द्र में कुशल तकनीकी मैनपावर डिप्लोमा और उन्नत डिप्लोमा स्तर का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। केन्द्र की आधारशिला 18 फरवरी 2011 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा रखी गई थी। निर्माण की पूंजीगत व्यय रूपये 143 करोड को ओएनजीसी, ओआईएल, गेल, आईओसीएल, एनआरएल, ईआईएल तथा तेउविबो द्वारा साझा किया जाएगा। आवर्ती खर्चे तेल क्षेत्र की उपरोक्त सार्वजनिक कंपनियों की अन्य निधियों के योगदान द्वारा पूरे किये गये।

परियोजना कार्य क्षेत्र संबंधित विभिन्न मामले जैसे भूमि की भराई और पाइलिंग काम के कारण परियोजना के निष्पादन में देरी के कारण परियोजना की लागत 143 करोड रूपये से बढ़कर 235 करोड रूपये हो गई। तेउविबो और तेल क्षेत्र की कंपनियों ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सिवासागर परियोजना के लिए अतिरिक्त पूंजी कोष देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दी है। पूरा प्रस्ताव संशोधन हेतु पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास है और निधियां देने के स्वरूप का पुनर्निमाण किया जा रहा है।

vfXu lqj{kk bathfu;fjx vkSj cxyksj esa vkjthvkbZihVh dk lk;koj.k vuqla/kku dsUnz ¼,Q,lbZbZvkjLkh½

वर्ष 2011 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आरजीआईपीटी को भारत के दक्षिण भाग में आरजीआईपीटी केन्द्र की स्थापना के लिए व्यवर्हाता अध्ययन करने की सलाह दी। आरजीआईपीटी ने पूर्ण विस्तृत परियोजना रिपोर्ट अक्टूबर 2014 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को प्रस्तुत की। कर्नाटक सरकार ने केआईएडीबी को कम्बालीपुरा इंडिस्ट्रियल एरिया, होसकोटे तालुक, बेंगलूर ग्राम जिले में मुफ्त जमीन आबंटन का निर्देश दिया। 5 मार्च 2014 को माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने आधारशिला रखी।

कर्नाटक सरकार ने 150 एकड़ भूमि मुफ्त में आबंटित करने के अनुरोध को अपनी सहमति प्रदान की। इस सबंध में केआईएडीबी ने तहसीलदार, होसकोटे तालुक को हितधारकों की बैठक बुलाने और आरजीआईपीटी को बाधा रहित जमीन सौंपने की प्रक्रिया शुरू करने की सलाह दी। परियोजना की कुल लागत 478 करोड़ है, जिसमें पूंजीगत व्यय (358 करोड़ रूपये) तथा आवर्ती व्यय (120 करोड़ रूपये) शामिल है। केन्द्र स्थापित करने हेतु ईएफसी और अन्य अनुमोदन प्रक्रिया में है।

तेउविबो ने वर्ष 2015–16 के दौरान आरजीआईपीटी के रायबरेली केन्द्र के लिए 20.64 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई।

5. gkbMªkstu d,iLk QaM ¼,pLkh,Q½

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक ऑटो ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग पर एक हाइड्रोजन कॉर्पस फंड की स्थापना की है । भारतीय तेल उद्योग को इस सीमांत क्षेत्र में प्रगति करने के लिए प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के साथ सहक्रियात्मक रूप से और घनिष्ठ समन्वय में कार्य करना होगा। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने तेल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / तेउविबो द्वारा निम्नानुसार योगदान के साथ 100 करोड़ रुपए का एक हाइड्रोजन कॉर्पस फंड की स्थापना की है:

1	तेउविबो	40 करोड़ रुपए
2	ओएनजीसी, आईओसी, गेल	16 करोड़ रुपए प्रत्येक
3	एचपीसीएल, बीपीसीएल	6 करोड़ रुपए प्रत्येक

तेउविबो द्वारा एचसीएफ के खातों का रखरखाव किया जाता है । तेउविबो द्वारा अब तक 40 करोड़ रुपए की राशि का योगदान इस कोश में दिया गया है । मेसर्स आईओसीएल और ओएनजीसी ने पहले से ही ऊर्जा के स्रोत के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग के लिए अनुसंधान एवं विकास संबंधी गतिविधियां आरंभ कर दी हैं ।

अध्याय–5

तेउविबो का ऊर्जा सुरक्षा में योगदान

ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने विशेष प्रयोजन व्यवस्था (एस पी वी) के माध्यम से 5 एमएमटी कच्चे तेल का एक स्ट्रेटेजिक रिजर्व बनाने का निर्णय लिया है। इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्वस लिमिटेड (आईएसपीआरएल) नामक यह विशेष प्रयोजन व्यवस्था प्रारंभ में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सहायक कंपनी थी। बाद में 09.05.2006 से यह तेल उद्योग विकास बोर्ड (तेउविबो) की पूर्णतः स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी बन गई। कैवर्न का निर्माण विशाखापट्टनम (1.33 एमएमटी), मंगलौर (1.5 एमएमटी) और पादुर (2.5 एमएमटी) स्थानों पर किया जा रहा है। एक बार कैवर्न पूरी होने पर इन भंडारों में भारत की शुद्ध आयात की 13 दिनों आवश्यकताओं के बराबर कच्चे तेल को भंडारित किया जा सकता है।

इस स्ट्रेटेजिक भंडारण सुविधाओं के निर्माण की पूँजीगत लागत का आरम्भिक अनुमान सितम्बर 2005 में 2397 करोड़ रूपये आँका गया जो अब संशोधन के बाद 3832.56 करोड़ हो गया।कंपनी की प्राधिकृत एवं प्रदत्त पूँजी 31.03.2016 को क्रमशः 3832.56 करोड़ रूपये एवं 3418.82 करोड़ रूपये है। तेउविबो की आईएसपीआरएल में इक्विटी प्रतिभागिता 31.03.2016 तक 3456.45 करोड़ रूपये की है। जिसमें से 31.03.2016 तक 159.63 करोड़ रूपये के शेयर जारी किए जाने हैं।

31.3.2016 को उपरोक्त तीनों स्थलों पर परियोजनाओं की स्थिति निम्नानुसार है :

1- fo'kk[kkiêue ¼Hk.Mkj.k {kerk %1-33 ,e,eVh½

बोर्ड सदस्यों को यह सहर्ष सूचित करता है कि विशाखापट्टनम केवर्न को चालू कर लिया गया है। भूमिगत सिविल कार्य एचसीसी द्वारा और प्रक्रिया सुविधाएं आईओटीआईईएसएल द्वारा निष्पादित किये गये थे। इस सुविधा में दो कंपार्टमेंट हैं केवर्न ए (1.03 एमएमटी) और केवर्न बी (0.3 एमएमटी)। केवर्न ए सामरिक खनिज तेल हेतु है और इसे भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई निधियों से भरा गया है। एचपीसीएल विशाखापट्टनम में अपने रिफाइनरी प्रचालनों हेतु नियमित रूप से केवर्न बी का उपयोग कर रही है।

विशाखापट्टनम में भूमि के ऊपर बनाई गई सुविधाओं का दृश्य

2- exykj ¼Hk.Mkj.k {kerk %1-5 ,e,eVh½

मंगलौर केवर्न सुविधा मंगलौर एसईजेड क्षेत्र में आती है। परियोजना हेतु एमएसईजेडएल से 104.73 एकड़ भूमि प्राप्त की गई थी। भूमिगत सिविल कार्यों को मैसर्स एसके इंजीनियरिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन और करम चन्द थापर (एसकेईसी–केसीटी जेवी) के संयुक्त उद्यम और प्रक्रिया सुविधाएं मैसर्स पुंज लायड द्वारा निष्पादित किये गये थे। भूमिगत सिविल कार्यों को पूरा कर लिया गया है और प्रक्रिया सुविधाएं भी पूर्णता कर ली गई हैं। सुविधा में 0.75 एमएमटी के प्रत्येक 2 कंपार्टमेंट हैं। केवर्न

स्वीकृति परीक्षण (सीएटी) को पूरा कर लिया गया है। उक्त के पश्चात ईआईएल ने केवर्न कंपार्टमेंटों में धारण में सुधार हेतु अतिरिक्त बोरहोल की ड्रिलिंग का परामर्श दिया है। जिसको को पूरा कर लिया गया है।

केवर्न का इनर्टाइजेशन प्रगति पर है और चालू किए जाने से पूर्व की जांचे की गई है।समग्र भौतिक प्रगति 99.72% है। प्रगति में पाइपलाइन की प्रगति शामिल नहीं है।

परियोजना को अंतिम रूप से चालू किया जाना मंगलौर बंदरगाह के निकट लैंड फॉल बिंदु से मंगलौर केवर्न तक एक मध्यवर्ती वाल्व स्टेशन के माध्यम से 48'' पाइपलाइन को बिछाए जाने तथा अतिरिक्त बोरहोल पूर्ण किए जाने पर निर्भर है। 12.725 किलोमीटर पाइपलाइन में से, 12.69 किलोमीटर को पूरा कर लिया गया है तथा शेष को अप्रैल, 2016 तक पूरा किए जाने का कार्य कार्यक्रम है। परियोजना को उसके पश्चात चालू किए जाने की प्रत्याशा है।

मंगलौर में भूमि के ऊपर बनाई गई सुविधाओं का दृश्य

3- iknj ¼HkkMkj {kerk % 2-5 ,e,eVh½

पादुर परियोजना हेतु उडूपी जिले के पादुर/हेरूरू गांवों में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) के माध्यम से 179.21 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था। यह आईएसपीआरएल द्वारा निष्पादित सबसे बड़ी परियोजना है। भूमिगत सिविल कार्यों को दो भागों में बांटा गया था अर्थात भाग क तथा भाग ख। भाग–क कार्य को मैसर्स एचसीसी और भाग–ख कार्यों को मैसर्स एसकेईसी–केसीटी संयुक्त उद्यम को दिया गया था। भूमिगत कार्य 2014 में पूर्ण हुए थे और केवर्न स्वीकृति परीक्षण भी पूर्ण हो गए हैं। सुविधा में 0.625 एमएमटी के प्रत्येक 4 कंपार्टमेंट हैं। केवर्नों का इनर्टाइजेशन पूर्ण हो गया है। परियोजना की अंतिम पूर्णता 10 किलोमीटर लम्बी 110केवीए की ओवरहेड विद्युत ट्रांसमीशन लाइन और साथ ही साथ मध्यवर्ती वाल्व स्टेशन से पादुर तक एक 42'' व्यास वाली 36 किलोमीटर पाइपलाइन को बिछाए जाने पर निर्भर करेगी। 35.8 किलोमीटर में से 8.49 किलोमीटर जमीन के नीचे किया गया है। इलेक्ट्रिकल ट्रांसमिशन लाइन और पाइपलाइन का बिछाया जाना आरओयू मुद्दों के कारण प्रभावित हुआ है। 110 केवी एचटी लाइन हेतु लगाए जाने वाले 56 टावरों में से, 25 को खड़ा कर दिया गया है तथा 54 टावरों की नींव पूरी हो चुकी है। शेष नींव डालने का कार्य कर्नाटक उच्च न्यायालय में दायर किए गए आरओयू मुद्दों के कारण स्थगित है। परियोजना को चालू किया जाना विद्युत लाइन तथा पाइपलाइन की पूर्णता पर निर्भर है। परियोजना को 110केवी एचटी लाइन तथा 42'' व्यास वाली खनिज तेल पाइपलाइन को पूरा होने के पश्चात चालू किया जाएगा। पाइपलाइन प्रगति सहित परियोजना की समग्र प्रगति 98.12 % है।

पादुर में भूमि के ऊपर बनाई गई सुविधाओं का दृश्य

4- lkefjd Hk.Mkj dk;ZØe dk pj.k&2

दिसम्बर, 2008 में मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित एकीकृत ऊर्जा नीति (आईईपी) सिफारिश करती है कि सामरिक सह सुरक्षित भंडार के प्रयोजनों हेतु 90 दिवस के तेल आयात के समतुल्य एक भण्डार को बनाया रखा जाए। दिसम्बर, 2009 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा तैयार एक एप्रोच पेपर में वर्ष 2019–20 तक खनिज तेल तथा पेट्रोलियम उत्पादों के 44.14 मिलियन मीट्रिक टन की कुल भण्डारण आवश्यकता को दर्शाया गया था।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से निर्देश के आधार पर, आईएसपीआरएल को चार राज्यों में चरण–2 में कच्चे तेल के 12.5 एमएमटी के सामरिक भण्डारण हेतु विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट (डीएफआर) को तैयार करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया था। चुने गए स्थल राजस्थान में बीकानेर, ओडीशा में चांदीखोल, गुजरात में राजकोट और कर्नाटक में पादुर है। इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) को डीएफआर तैयार करने का कार्य सौंपा गया था। ईआईएल द्वारा डीएफआर तैयार की जा चुकी है जिसमें संशोधित क्षमताएं निम्नानुसार हैं :–

i. पादुर 2.5 एमएमटी,
ii. चांदीखोल 3.75 एमएमटी,
iii. राजकोट 2.5 एमएमटी और
iv.. बीकानेर 3.75 एमएमटी।

बाद में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अन्य बातों के साथ–साथ एसबीआई कैप्स को चरण–2 कार्यक्रम के क्रियान्वयन के तरीके की सिफारिश करने हेतु नियोजित करने का आईएसपीआरएल को परामर्श दिया था। निवेशकों के साथ बैठक 8–9 जून, 2015 को हुई थी जिसमें विभिन्न तेल तथा आधारभूत ढांचागत कंपनियों ने प्रतिभागिता की थी। एसबीआई कैप्स की सिफारिशें प्राप्त हुई और उन्हें पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को अवगत कर दिया गया था।

अध्याय-6

अन्य पहलें / गतिविधियां

1. gkbMªksdkcZu {ks= dkS'ky ifj"kn ¼,p,l,llh½ dh LFkkiuk

सचिव (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस) एवं अध्यक्ष, तेल उद्योग विकास बोर्ड ने दिनांक 4 सितंबर, 2013 को तेल उद्योग विकास बोर्ड की 86वीं बोर्ड बैठक के दौरान तेल और गैस क्षेत्र के लिए कौशल विकास परिषद की जरूरत के मुद्दे को उठाया। यह निर्णय लिया गया कि – (1) तेउविबो और पेट्रोफेड, संयुक्त रूप से एनएसडीसी में आवेदन दाखिल करेंगे, (2) पेट्रोफेड, एचएसएससी की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभाएंगे (3) अध्यक्ष, पेट्रोफेड एचएसएससी की स्थापना के लिए संचालन समिति का गठन करेंगे (4) राजस्व मॉडल, परियोजना रिपोर्ट तथा कार्य योजना को पेट्रोफेड द्वारा तैयार किया जाएगा (5) तेल कंपनियां एचएसएससी के माध्यम से कौशल उन्नयन के लिए सीएसआर निधियों का उपयोग कर सकती हैं। एचएसएससी का फोकस उन व्यक्तियों/कामगारों के लिए अल्पकालीन प्रशिक्षण (छह माह से अधिक नहीं) पर संकेंद्रित होगा, जिन्होंने तेल और गैस उद्योग द्वारा अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यता (अर्थात आईटीआई से प्रमाण पत्र) धारित की है ।

तदनुसार, प्रस्तावित हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद (एचएसएससी) की स्थापना के लिए पेट्रोफेड तथा तेउविबो के बीच दिनांक 31.01.2014 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । दिनांक 31.01.2014 को राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद (एनएसडीसी) में एक संयुक्त आवेदन दाखिल किया गया और दिनांक 28.04.2016 से राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद अस्तित्व में आया।

एचएसएससी के उद्देश्यों में (1) हाइड्रोकार्बन क्षेत्र के लिए एक कुशल मानवबल समूह को तैयार करना (2) नए कौशलों की बेंचमार्किंग तथा राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनओएस) का कौशल उन्नयन (3) आर्थिक और सामाजिक समानता के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना (4) जनसांख्यिकीय लाभांश में सुधार (5) उत्पादकता और क्षेत्र प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार शामिल हैं।

2. rsmfocks jkgr VªLV ¼rsmfocks vkj Vh½

अप्रैल से जून 2000 तक की अवधि के दौरान कुछ राज्यों नामतः आंध्र प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में अभूतपूर्व सूखा पड़ा था । तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री, द्वारा की गई अपील की प्रतिक्रिया के रूप में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा मई 2000 के दौरान इन राज्यों में सूखा प्रभावित ग्रामों को पेय जल के परिवहन हेतु डीज़ल की लागत वापिस करने का निर्णय लिया गया था । इस प्रयोजन के लिए, तत्कालीन माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री के अनुमोदन से एक ट्रस्ट नामतः तेउविबो सूखा राहत ट्रस्ट का एक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में 01.06.2000 को गठन किया गया था । इस ट्रस्ट के अध्यक्ष पदेन सचिव (पीएनजी), ट्रस्ट के प्रबंधन ट्रस्टी पदेन, अपर सचिव (पीएनजी) और ट्रस्ट के सचिव के रूप में सचिव (ओआईडीबी) तथा तेल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से अन्य प्रतिनिधि ट्रस्टियों के रूप में इस ट्रस्ट में है । मंत्रालय द्वारा दिए गए निदेशों के रूप में, तेल सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने इस कोष में 20.60 करोड़ रुपए का योगदान दिया है । दिनांक 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार, विभिन्न राज्यों/प्रधानमंत्री राहत कोष और अन्य कल्याण संगठनों के लिए लगभग 21.40 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई । दिनांक 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार, 13.10 करोड़ रुपए की शेष निधियों (ब्याज सहित) तेउविबो राहत ट्रस्ट में थी । इस ट्रस्ट को इसके समापन तक आंकलन वर्ष 2011–12 के पश्चात से आयकर अधिनियम की धारा 80 (जी) के तहत छूट प्रदान गई है । चूंकि इस ट्रस्ट के लक्ष्य व उद्देश्य के आधार व्यापक हैं और अन्य कल्याणकारी उपायों के लिए भी वित्तीय सहायता को अनुमत कर रहे हैं, इसलिए इस ट्रस्ट के नाम को दिनांक 09.07.2010 से परिवर्तित करते हुए तेउविबो सूखा राहत ट्रस्ट से तेउविबो राहत ट्रस्ट कर दिया गया था ।

3. vuqlwfpr tkfr@vuqlwfpr tutkfr] vU; fiNM+k oxZ vkSj 'kkjhfjd :i ls fu'kDrksa dk dY;k.k

तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षण के संबंध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए तत्संबंधी दिशा–निर्देशों का पालन करती है । आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की निगरानी तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित

जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए तेउविबो में एक संपर्क अधिकारी की नियुक्ति की गई है । सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार पदों के प्रत्येक वर्ग के लिए रोस्टरों का रखरखाव किया जा रहा है और इन्हें संपर्क अधिकारी द्वारा जांचा जाता है । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त जन/अन्य पिछड़ा वर्ग की सीधी भर्ती और पदोन्नति के लिए रोस्टरों के निरीक्षक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाता था और इनमें किसी प्रकार की विसंगति नहीं पाई गई थी ।

इसके अलावा अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ निःशक्त जन के आरक्षित कोटे के स्थान पर उनके रोजगार में किसी प्रकार का बैक लॉग अथवा कमी नहीं है । वर्ष के दौरान, अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के विरूद्ध किसी प्रकार की उत्पीड़न अथवा भेदभाव संबंधी शिकायत नहीं प्राप्त हुई है ।

4. dY;k.k] fodkLk vkSj efgykvksa dk Lk'kfDrdj.k %

तेल उद्योग विकास बोर्ड (तेउविबो) लैंगिक मुद्दों से निपटने तथा महिला सशक्तिकरण के कार्य को बढ़ावा देने में सक्रिय है । ''कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न'' की शिकायतों का निवारण करने हेतु इसकी सुनवाई के लिए तेउविबो द्वारा एक समिति का गठन किया गया है । दिनांक 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार, तेउविबो में कुल 22 कर्मचारियों में 4 महिलाकर्मी हैं ।

5. Lkjdkj dh jkt Hkk"kk uhfr

तेउविबो ने राजभाषा अधिनियम और इसके अन्तर्गत बने नियमों को अपने सचिवीय कार्यालय में कार्यान्वित किया है। तेउवि बोर्ड सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है । तेउविबो, आधिकारिक कार्य में राजभाषा कार्यान्वयन को सवंर्धित करने में सदा प्रयासरत रहता है । तेउविबो के सभी नियम/समझौता ज्ञापन/ करार द्विभाषी हैं ।

राजभाषा कार्यान्वयन के कार्य को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के क्रम में, तेउविबो में सचिव (तेउविबो) महोदय की अध्यक्षता में एक आधिकारिक राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यरत है । यह समिति तेउविबो में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समग्र प्रगति तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति व कार्यान्वयन की समीक्षा करती है । तेउविबो को पहले ही राजभाषा नियम 1976 के नियम 10 (4) के अन्तर्गत अधिसूचित किया गया है ।

वर्ष 2015–16 के दौरान, हिन्दी के अधिकतम प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाये गए थे, जैसे कि :

- हिन्दी दिवस के अवसर पर तेउविबो में 14.09.2015 से 28.09.2015 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान दिनांक 24.09.2015 को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- बोर्ड के कर्मचारियों को उनके कार्यों को हिन्दी में करने हेतु प्रोत्साहित करने के प्रयोजनार्थ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं थीं । इनमें टिप्पण आलेखन, टाइपिंग, भाषा ज्ञान राजभाषा की जानकारी से संबंधित प्रतिस्पर्धा, वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी स्पर्धा आदि शामिल किया गया ।
- तेउविबो द्वारा उन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, जो हिन्दी में प्रवीण हैं, निर्देश जारी किए गए कि वे अपने सभी कार्य केवल हिन्दी में ही प्रस्तुत करें ।
- हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही, अद्धवार्षिक तथा वार्षिक प्रगति रिपोर्ट, राजभाषा विभाग को नियमित रूप से भेजी गईं थीं ।
- तेउविबो में हिन्दी के प्रयोग के प्रभावी प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न विकास संबंधी विषयों पर त्रैमासिक आधार पर नियमित रूप से हिन्दी कार्यशालाएं आयोजन की गईं थीं ।

- वर्ष 2015–16 के दौरान भी तेउविबो ने अपनी अंतर्गृहीय वार्षिक पत्रिका "अनुभूति" का प्रकाशन जारी रखा । इस पत्रिका में साहित्य, कविता, धार्मिक विषय एवं सामाजिक संस्मरणों से संबंधित विषयों का प्रकाशन किया जाता है । इस पत्रिका का उद्देश्य आधिकारिक भाषा में लेखन कार्य के अलावा इसके प्रति रूचि उत्पन्न करना है।

वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में 50 से कम स्टाफ संख्या में उत्तर क्षेत्र–2 (उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड) की श्रृखंला में राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए वर्ष 2014–15 के दौरान तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा अमृतसर में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब के माननीय राज्यपाल ने क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

वर्ष के दौरान, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएडा की ओर से तेउविबो को राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

6. lpuk dk vf/kdkj vf/kfu;e

भारत सरकार की दिनांक 15 जून, 2005 की राजपत्रित अधिसूचना के अनुसार, सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 को तेउविबो में लागू किया गया है । सूचना का अधिकार अधिनियम की रूपरेखा, अन्य बातों के साथ–साथ, सार्वजनिक प्राधिकरणों की कार्य–प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई है ।

सूचना का अधिकार, 2005 की धारा 5 तथा 19 के उपबन्धों के अनुसार तथा जारी किए गए सभी पूर्व आदेशों के अधिक्रमण में, वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी, उप मुख्य वित एवं लेखा अधिकारी, लेखा अधिकारी तथा अनुभाग अधिकारी क्रमशः पारदर्शिता अधिकारी, अपीलीय प्राधिकारी तथा लोक आसूचना अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किए गए हैं ।

वर्ष 2015–16 के दौरान, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत 14 अभ्यावेदन/प्राप्तियां प्राप्त की गई हैं। प्राप्त हुए इन सभी 14 अभ्यावेदनों/प्राप्तियों के प्रत्युत्तर प्रेषित किए गए हैं ।

अनुलग्नक

केन्द्रीय सरकार द्वारा एकत्रित उपकर एवं तेउवि बोर्ड की उसकी स्थापना से 31.03.2016 तक आंबटित की गई धनराशि से संबधित स्थिति

(रूपये करोड़ में)

क्रंम सं	वर्ष	सरकार द्वारा कच्चे तेल पर संग्रह किया गया उपकर	सरकार द्वारा ते.उ.वि.बोर्ड को किया गया भुगतान
1	1974-75	30.82	16.01
2	1975-76	50.05	62.27
3	1976-77	52.88	48.19
4	1977-78	63.72	50.10
5	1978-79	68.89	20.00
6	1979-80	69.70	140.00
7	1980-81	60.40	25.01
8	1981-82	138.97	142.92
9	1982-83	268.83	100.00
10	1983-84	812.80	-
11	1984-85	850.12	-
12	1985-86	897.66	-
13	1986-87	981.50	-
14	1987-88	1806.60	-
15	1988-89	2013.64	63.09
16	1989-90	2914.57	50.00
17	1990-91	2785.15	89.81
18	1991-92	2500.64	95.00
19	1992-93	2207.61	-
20	1993-94	2175.46	-
21	1994-95	2566.16	-
22	1995-96	2819.52	-
23	1996-97	2558.03	-
24	1997-98	2528.74	-
25	1998-99	2448.18	-
26	1999-00	2589.44	-
27	2000-01	2582.21	-
28	2001-02	2722.79	-
29	2002-03	4873.17	-
30	2003-04	4919.49	-
31	2004-05	5033.97	-
32	2005-06	4857.58	-
33	2006-07	6875.53	-
34	2007-08	6854.00	-
35	2008-09	6680.94	-
36	2009-10	6637.13	-
37	2010-11	7671.44	-
38	2011-12	8065.46	-
39	2012-13	14473.16	-
40	2013-14	14,542.38	-
41	2014-15	14,677.24	
42	2015-16	14,468.94	
	Total	**162195.51**	**902.40**

टिप्पणी : तेउविबोर्ड में प्राप्त उपकर से संबंधित आंकडे ओएनजीसी, ओआईएल और डीजीएच द्वारा उपलब्ध कराए जाते है।

अध्याय-7

तेउविबो वार्षिक लेखे 2015-16

31-3-2016 dh ;FkkLFkfr dk rqyu i=

(राशि लाख रूपये में)

d,il iwthxr fuf/k ,oa ns;rk,a	vuqlwph	pkyw o"kZ	xr o"kZ
कॉपर्स / पूंजीगत निधि	1	90240	90240
आरक्षित एवं अधिशेष निधियॉ	2	1055059	1030840
चिन्हित / अक्षय निधि	3	0	0
जमानती ऋण एवं उधार	4	0	0
गैर जमानती ऋण एवं उधार	5	0	0
आस्थगित जमा देनदारियॉ	6	0	0
चालू देयताएं एवं प्रावधान	7	23536	19260
;ksx		1168835	1140340
परिसम्पतियॉ			
अचल परिसम्पतियॉ (निवल ब्लॉक)	8	10611	11767
प्रगतित कार्य	8	19	19
निवेश – चिन्हित / अक्षय निधि	9	0	0
निवेश – अन्य	10	334716	309966
चालू परिसम्पतियॉ, ऋण, अग्रिम आदि	11	823489	818588
विविध खर्चे (जिन्हें बट्टे खाते में डाला या समायोजित नहीं किया गया है)			
;ksx		1168835	1140340
लेखा संबंधी विशेष नितियॉ	25		
फुटकर देयताएं एवं लेखो पर टिप्पणियॉ	26		

तेउविबो के लिए और तेउविबो की ओर से

ह0.
अजय श्रीवास्तव
वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी

ह0.
अशीष चटर्जी
सचिव

दिनांकः
स्थान नई दिल्ली

31-3-2016 dk lekIr gq, o"kZ dk fy, vk; ,oa 0;; [kkrk

(राशि लाख रूपये में)

vk;	vuqlwph	pkyw o"kZ	xr o"kZ
बिक्री /सेवाओं से आय	12	0	0
अनुदान/ सबसिडी	13	0	0
फीस/अभिदान	14	0	0
निवेश से आय	15	0	0
रायल्टी, प्रकाशन, डीजीएच द्वारा डेटा बिक्री से आय	16	207	2221
अर्जित ब्याज	17	65700	68569
अन्य आय	18	1025	1609
तैयार माल एवं प्रगति पर कार्य के स्टॉक में बढोत्तरी/(कमी)	19	0	0
;kx ¼d½		66932	72399
0;;			
संस्थापन खर्च	20	272	279
अन्य प्रशासनिक खर्चे आदि	21	1285	915
अनुदान, सबसिडी आदि पर खर्च	22	27523	31064
भुगतान किया गया ब्याज	23	0	0
राज्य सरकारों को रायल्टी	24	0	8300
संदिग्ध ऋणो के लिए प्रावधान		0	0
फ्रिंज लाभकर	8	1165	1179
मूल्यह्रास (वर्ष के अन्त मे अनुसूचि 8 के अनुसार निवल योग)			
;kx & [k		30245	41737
खर्च पर आय के आधिक्य का शेष (क–ख)		36687	30662
आयकर के लिए प्रावधान		12471	10422
विशेष आरक्षित निधि में स्थानानतरण (प्रत्येक का उल्लेख करे)		–	–
सामान्य आरक्षित निधि में स्थानान्तरण		–	–
आधिक्य के शेष को कॉपर्स/ पूंजीगत निधि में स्थानान्तरित		24216	20240
विशेष लेखा नीतियॉ	25		
फुटकर देयताएं एवं लेखा पर टिप्पणियॉ	26		

तेउविबो के लिए और तेउविबो की ओर से

ह0.
अजय श्रीवास्तव
वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी

ह0.
अशीष चटर्जी
सचिव

दिनांक:
स्थान नई दिल्ली

31-3-2016 dh ;FkkLFkfr dk rqyu i= dk fgLlk cuh vuqlph

(राशि लाख रूपये में)

		pkyw o"kZ		xr o"kZ
vuqlph 1 & d,i l@ iqthxr fuf/k				
वर्ष के प्रारंभ में शेष		90240		90240
जोडेः कॉपर्स/पूंजीगत निधि में योगदान	–		–	
जोडें/(घटाएं): आय एवं व्यय खाते से निवल आय				
(खर्च) के शेष की स्थानान्तरित राशि	–	–		
o"kZ ds vUr esa 'ks"k		90240		90240

yk[k :i;s esa

		pkyw o"kZ		xr o"kZ
vuqlph 2 & vkjf{kr ,oa vf/k'ks"k fuf/k;k¡				
1. पूंजीगत आरक्षित निधि				
गत लेखो के अनुसार	–		–	
वर्ष के दौरान जमा	–		–	
घटाएंः वर्ष के दौरान कमी	(–)	–	(–)	
2. पुनर्रूमूल्यांकन आरक्षित निधि				
गत लेखो के अनुसार	–		–	
वर्ष के दौरान जमा	–		–	
घटाएं वर्ष के दौरान कमी	(–)	–	(–)	
3. विशेष आरक्षित निधि				
गत लेखो के अनुसार	–		–	
वर्ष के दौरान जमा	–		–	
घटाएंः वर्ष के दौरान कमी	(–)	–	(–)	
4. सामान्य आरक्षित निधि				
विगत लेखो के अनुसार		1030840		1007700
वर्ष के दौरान जमा				
(प) व्यय पर आय से अधिक्य	24216		20240	
जमा : पिछले वर्षों में अतिरिक्त कर भुगतान का समायोजन	3	24219	2900	23140
dqy ;ksx		1055059		1030840

31-3-2016 dk lekIr gq, o"k d fy, rqyu i= dk fgLlk cuh vuqlph

¼jkf'k yk[k : i;s e½

vuqlph 3 fpfUgr@v{k; fuf/k	fofo/k fuf/k;k dk fooj.k				;kx	
	fuf/k	fuf/k	fuf/k	fuf/k	pkyw o"k	xr o"k
क) निधि का प्रारंभिक शेष ख) निधि में परिवर्धन (i) दान/अनुदान ii) निधि के निवेश से आय (iii) अन्य परिवर्धन (प्रकार का उल्लेख करें)				'kU;		
;kx ¼d+[k½						
निधि के उद्देश्य के प्रति उपयोग / खर्चे (i) पूँजीगत खर्चे - अचल परिसम्पत्तियाँ - अन्य योग (ii) राजस्व खर्चे - वेतन, मजदूरी एवं भत्ते आदि - किराया - अन्य प्रशासनिक खर्चे योग :				'kU;		
;kx ¼ ¼x½	-	-	-	-	-	-
o"k d vUr e fuoy 'k"k : ¼d+[k-x½	-	-	-	-	-	-

31-3-2016 dh ;FkkfLFkfr dk r|yu i= dk fgLlk cuh vu|lfp;k

¼jkf'k yk[k :i;s esa½

	pkyw o"kZ	xr o"kZ
vu|lph 4] vkjf{kr _.k ,oa m/kkj		
1. केन्द्रीय सरकार		
2. राज्य सरकार (उल्लेख करें)		
3. वित्तीय संस्थान	शून्य	
क) आवधिक ऋण		
ख) अर्जित एवं प्राप्त ब्याज		
4. बैंक		
क) आवधिक ऋण		
- अर्जित एवं प्राप्त ब्याज		
ख) अन्य ऋण (उल्लेख करें)		
- अर्जित एवं प्राप्त ब्याज		
5. अन्य संस्थान एवं एजेन्सी		
6. ऋण पत्र एवं बन्ध पत्र		
अन्य (उल्लेख करें)		
;kx %		
fVIi.kh %& एक वर्ष के अन्दर प्राप्य राशि		

¼jkf'k yk[k :i;s esa½

	pkyw o"kZ	xr o"kZ
vu|lph 5 & vukjf{kr _.k ,oa m/kkj		
1. केन्द्रीय सरकार		
2. राज्य सरकार (उल्लेख करें)		
3. वित्तीय संस्थान	शून्य	
4. बैंक		
क) आवधिक ऋण		
ख) अर्जित एवं प्राप्त ब्याज		
5. अन्य संस्थान एवं एजेन्सी		
6. ऋण पत्र एवं बन्ध पत्र		
7. सावधि जमा		
8. अन्य (उल्लेख करें)		
;kx %		
fVIi.kh %& एक वर्ष के अन्दर प्राप्य राशि		

31-3-2016 dh ;FkkfLFkfr dk rqyu i= dk fgLlk cuh vuqlwfp;k

¼jkf'k yk[k :i;s esa½

	pkyw o"kZ	xr o"kZ
vuqlwph 6 & vLFkkfxr tek nsunkfj;k¡ क) पूंजीगत उपकरण एवं अन्य परिसम्पत्तियों के बधंक रखने पर प्राप्त स्वीकृतियाँ ख) अन्य	शून्य	
;ksx %		
fVIi.kh %& एक वर्ष के अन्दर प्राप्य राशि		

31-3-2016 dh ;FkkfLFkfr dk rqyu i= dk fgLlk cuh vuqlwfp;k

¼jkf'k yk[k : i;s esa½

	pkyw o"kZ		xr o"kZ	
vuqlwph 7 & pkyw nkf;Ro ,oa izko/kku				
d pkyw nkf;Ro				
1. स्वीकृतियाँ		-		-
2. विविध लेनदार				
क) माल के लिए	-		-	
ख) अन्य	-	-	-	-
3. प्राप्त अग्रिम		-		-
4. उपार्जित ब्याज परन्तु देय नहीं				
क) जमानती ऋण/उधार	-		-	
ख) गैरजमानती ऋण/उधार	-		-	
5. सांविधिक देयताएं				
क) अतिशोध्य	-		-	
ख) अन्य	-		-	
6. अन्य चालू देयताएं				
क) राज्य सरकारों तथा अन्य को रॉयल्टी का भुगतान	0		8300	
ख) आर कर/टीडीएस/वर्कस कॉनट्रेक्ट देय कर	3		3	
ग) ठेकेदारों को भुगतान	257		234	
घ) अन्य	166		83	
ड) प्रतिभूति जमा ईएमडी के साथ	29		37	
च) रूकी हुई राशि मजदूरी उपकर के साथ दरें (ठेकेदारों के कारण)	118	573	122	8779
;kx ¼d½		**573**		**8779**
[k- izko/kku				
1. करों के लिए		22893		10422
2. ग्रेज्यूटी		0		0
3. सेवानिवृत्ति/पेंशन		0		0
4. संचित छुट्टी का नकदीकरण		66		58
5. व्यापार वारंटी/दाव		-		-
6. अन्य (लेखा परीक्षकों के परिश्रमिक के लिए प्रावधान)		4		1
;kx ¼[k½		**22963**		**10481**
;kx ¼d+[k½		**23536**		**19260**

31-3-2016 dh ;FkkfLFkfr dk rqyu i= dk fgLlk cuh vuqlfp;k

¼jkf'k yk[k :i;s esa½

vuqlwph 8 & LFkkbZ ifjlEifr;k										
fooj.k	ldy Cykd				eY;gkl				fuoy Cykd	
	01-04-15 ls vkjEHk o"kZ esa ykxr@ eY;kadu	o"kZ ds nkSjku ifjo/kZu	o"kZ ds nkSjku dVkSfr;k	31-3-2016 o"kZ ds vUr esa ykxr@ eY;kadu	1-4-15 ls o"kZ ds vkjEHk esa	o"kZ ds nkSjku ifjo/kZu	o"kZ ds nkSjku dVkSfr;k	31-3-2016 dks lekIr o"kZ ds vUr esa dqy ;ksx	31-3-2016 dks pkyw o"kZ ds vUr esa	31-3-2015 dks iwoZ o"kZ ds vUr esa
d LFkkbZ ifjlEifr;k										
1. भूमि										
(क) पूर्ण स्वामित्व	0	**0**	**0**	0	0	**0**	**0**	0	**0**	0
(ख) पट्टे पर	995	**0**	**0**	995	0	**0**	**0**	0	**995**	995
2. भवन										
(क) पूर्ण स्वामित्व भूमि पर	0	**0**	**0**	0	0	**0**	**0**	0	**0**	0
(ख) पट्टे वाली भूमि पर	10248	**0**	**0**	10248	3236	**701**	**0**	3937	**6311**	7012
(ग) स्वामित्व मकान/परिक्षेत्र	0	**0**	**0**	0	0	**0**	**0**	0	**0**	0
(घ) भूमि पर निर्माण जो संगठन से संबंधित नहीं है	32	**0**	**0**	32	18	**1**	**0**	19	**13**	14
3. प्लॉट मशीनरी एवं उपकरण	2936	**0**	**0**	2936	1245	**254**	**0**	1499	**1437**	1691
4. वाहन	7	**0**	**0**	7	5	**0**	**0**	5	**2**	2
5. फर्नीचर/फीक्सर्च	2953	**9**	**0**	2962	929	**203**	**0**	1132	**1830**	2024
6. कार्यालय उपस्कर	50	**1**	**0**	51	39	**2**	**0**	41	**10**	11
7. कम्प्यूटर/बाह्य उपकरण	53	**0**	**1**	52	48	**2**	**0**	50	**2**	5
8. विद्युत संस्थापन	0	**0**	**0**	0	0	**0**	**0**	0	**0**	0
9. पुस्तकालय की पुस्तकें	0	**0**	**0**	0	0	**0**	**0**	0	**0**	0
10. ट्यूब वैल तथा पानी की आपूर्ति	0	**0**	**0**	0	0	**0**	**0**	0	**0**	0
11. अनय स्थिर परिसम्पतियाँ	23	**0**	**0**	23	10	**2**	**0**	12	**11**	13
